Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## जुलाई भाग-1
## 2023

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-1

**1. टैम पा लिंग गुफा के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह उत्तरी लाओस में एनामाइट पर्वत श्रृंखला की ऊँचाई पर स्थित एक ढलान वाली गुफा है।
2. गुफा में एक दांत पाया गया था, जो इसे विलुप्त मानव रिश्तेदार डेनिसोवन की उपस्थिति से जोड़ता है।
3. टैम पा लिंग के साक्ष्य ने दक्षिण पूर्व एशिया में होमो सेपियंस के आगमन के समय को पीछे कर दिया है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**2. ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2023 के लिये 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम (GCP)' कार्यान्वयन नियमों को अधिसूचित किया है।
2. ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम एक ऐसा तंत्र है जो घरेलू कार्बन बाज़ार का पूरक है।
3. ग्रीन क्रेडिट प्रणाली पूरी तरह से $CO_2$ उत्सर्जन में कटौती पर केंद्रित है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**3. पीएम प्रणाम योजना के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस योजना का उद्देश्य जैव उर्वरकों के उपयोग के माध्यम से पृथ्वी को पुनर्स्थापित और पोषित करना तथा रासायनिक उर्वरकों के उपयोग को कम करना है।
2. इस योजना का वित्तपोषण उर्वरक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत मौजूदा उर्वरक सब्सिडी की बचत से किया जाएगा।
3. पीएम प्रणाम योजना के लिये अलग से बजट निर्धारित होगा।

**उपर्युक्त  कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. उपरोक्त सभी

**4. हाल ही में खबरों में रहा डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य निम्नलिखित में से किस राज्य में स्थित है ?**

A. ओडिशा

B. छत्तीसगढ़

C. झारखंड

D. मध्य प्रदेश

**नोट :**

**5. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन I:

भारत पूर्वोत्तर एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने के उद्देश्य से समुद्री मार्ग के माध्यम से चेन्नई को प्रमुख रूसी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक से जोड़ने के लिये एक प्रमुख कनेक्टिविटी पहल शुरू करने की योजना बना रहा है।

कथन II:

प्रस्तावित समुद्री मार्ग को गलियारे में तब्दील किया जा सकता है जो सीमा सड़क पहल (BRI) के तहत चीन के समुद्री रेशम मार्ग (MSR) के प्रत्युत्तर में भारत-जापान प्रशांत से हिंद महासागर गलियारे के साथ जुड़ सकता है, जो पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को सड़क, शिपिंग और रेल लिंक के माध्यम से जोड़ता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-I की सही व्याख्या है।
B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II, कथन-1 की सही व्याख्या नहीं है।
C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है।
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है।

**6. ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. विश्व बैंक GEF के ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है, जो GEF ट्रस्ट फंड (दानदाताओं द्वारा योगदान) का प्रबंधन करता है।
2. बॉन अभिसमय GEF के पाँच प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय अभिसमयों के अंतर्गत आता है।
3. भारत सहित 184 देश इसके सदस्य हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**7. अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना और परमाणु हथियारों सहित किसी भी सैन्य उद्देश्य के लिये इसके उपयोग को प्रतिबंधित करना है।
2. यह संयुक्त राष्ट्र महासभा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दोनों को रिपोर्ट करती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**8. पंचायत विकास सूचकांक ( PDI ) रिपोर्ट के संदर्भ में निम्नलिखित कथन पर विचार कीजिये:**

1. यह सतत् विकास लक्ष्यों (SDGs) के स्थानीयकरण को प्राप्त करने में पंचायतों के प्रदर्शन को मापता है।
2. यह पंचायतों को पाँच श्रेणियों में वर्गीकृत करता है।
3. यह नौ विषयों पर विचार करता है, जिनमें गरीबी मुक्त एवं उन्नत आजीविका, स्वस्थ गाँव, बाल-सुलभ गाँव शामिल हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी कथन सही हैं।

**नोट :**

**9. निम्नलिखित देशों पर विचार कीजिये:**

1. तंजानिया और मलावी
2. ज़ाम्बिया और ज़िम्बाब्वे
3. दक्षिण अफ्रीका और इस्वातिनी
4. रवांडा और केन्या

**कितने देशों की सीमा मोज़ाम्बिक से लगती है?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**10. फिलीपींस निम्नलिखित में से किस देश के साथ भूमि सीमा साझा करता है?**

A. वियतनाम
B. कंबोडिया
C. मलेशिया
D. इनमें से कोई भी नहीं

**11. आर्टेमिस समझौते के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत आर्टेमिस समझौते के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
2. वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि इसका आधार है।
3. अंतरिक्ष यात्रियों के चंद्रमा पर लौटने के साथ ही आर्टेमिस-III मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**12. अंतर्राष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण (ISA) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्राधिकरण समुद्र के कानून पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCLOS), 1982 द्वारा स्थापित तीन अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में से एक है।
2. इसका प्राथमिक कार्य पृथ्वी पर संपूर्ण समुद्र तल के 50% में पाए जाने वाले गहरे समुद्र तल के खनिजों की खोज तथा दोहन को विनियमित करना है।

**निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**13. राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NMHC परिसर एशिया का सबसे बड़ा जलीय समुद्री संग्रहालय और भारत का सबसे भव्य नौसेना संग्रहालय होगा।
2. NMHC का निर्माण प्राचीन से आधुनिक काल तक भारत की समुद्री विरासत को प्रदर्शित करने के लिये लोथल के ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता क्षेत्र में किया जा रहा है।

**नोट :**

3. NMHC का प्रबंधन भारतीय नौसेना और भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण (ASI) के तहत एक विशेष प्रयोजन वाहन द्वारा किया जाएगा।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**14. ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (ETI) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ETI 2023 विश्व आर्थिक मंच (WEF) द्वारा जारी किया गया है।
2. इस सूची में स्वीडन शीर्ष पर है और उसके बाद डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**15. भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद चुनावों के अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण को चुनाव आयोग में निहित करने से संबंधित है?**

A. अनुच्छेद 324

B. अनुच्छेद 325

C. अनुच्छेद 326

D. अनुच्छेद 327

**16. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिये:**

| | प्रतीक | बुद्ध के जीवन से जुड़ी घटनाएँ |
|---|---|---|
| 1. | कमल | महापरिनिर्वाण (मृत्यु) |
| 2. | अश्व | महाभिनिष्क्रमण (महान प्रस्थान) |
| 3. | पहिया | निर्वाण (आत्मज्ञान) |

**उपर्युक्त कितने युग्म सही सुमेलित हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**17. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वर्ष 2013 में स्थापित निर्भया फंड महिलाओं की सुरक्षा के लिये एक गैर-व्यपगत योग्य कॉर्पस फंड प्रदान करता है।
2. उषा मेहरा आयोग द्वारा वन-स्टॉप सेंटर (OSC) की स्थापना की सिफारिश की गई थी।
3. मिशन वात्सल्य के तहत केंद्रीय पीड़ित मुआवज़ा कोष (CVCF) की स्थापना की गई थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

नोट :

**18. आवृत्ति के टेराहट्र्ज़ बैंड के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. 6G प्रौद्योगिकी आवृत्ति के टेराहट्र्ज़ बैंड का उपयोग करना है जो वर्तमान में अप्रयुक्त है।
2. ये तरंगें विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम पर अवरक्त तरंगों और माइक्रोवेव के बीच गिरती हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**19. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है/हैं?**

1. तमिलनाडु का नमक्कल ज़िला भूजल उपलब्धता के मामले में भारत का दूसरा सबसे उत्कृष्ट ज़िला घोषित किया गया है।
2. केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग में नमक्कल ने वर्ष 2022 के लिये संरक्षण और प्रबंधन श्रेणी में दूसरा स्थान हासिल किया।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**20. शंघाई सहयोग संगठन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये (SCO):**

1. SCO समूह में अब चीन, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं।
2. SCO में सहयोग के लिये डिजिटल समावेशन मुख्य क्षेत्रों में से एक है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**21. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (ITPA) देह व्यापार के लिये तस्करी की रोकथाम हेतु प्रमुख कानून है।
2. भारत अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCTOC) का सदस्य है।
3. वेश्यावृत्ति के लिये महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने और मुकाबला करने पर SAARC अभिसमय का भारत हस्ताक्षरकर्ता है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22. नकद आरक्षित अनुपात (CRR) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह एक मौद्रिक नीति उपकरण है जिसका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा अर्थव्यवस्था में ऋण की उपलब्धता को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिये किया जाता है।
2. यह जमा का न्यूनतम प्रतिशत है जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है।

नोट :

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**23. पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (OPEC) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसकी स्थापना वर्ष 1960 में बगदाद सम्मेलन में की गई थी।
2. वर्ष 2023 तक इसमें 13 सदस्य देश हैं।
3. इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में स्थित है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई भी नहीं

**24. 'दक्षिण एशियाई फुटबॉल महासंघ (SAFF)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SAFF का गठन वर्ष 1997 में बांग्लादेश, भारत, मालदीव, नेपाल, भूटान, पाकिस्तान और श्रीलंका के सदस्य संघों की स्थापना करके किया गया था।
2. वर्तमान में SAFF सचिवालय नई दिल्ली, भारत से संचालित होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**25. राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (National Disaster Response Fund- NDRF) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इसे भारत सरकार की आकस्मिकता निधि में ब्याज रहित आरक्षित निधि के अंतर्गत रखा जाता है।
2. यह आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 के दायरे में आता है।
3. इसे कुछ वस्तुओं पर उपकर, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क लगाकर वित्तपोषित किया जाता है तथा वित्त विधेयक के माध्यम से वार्षिक मंज़ूरी दी जाती है।

**उपर्युक्त कथनों में कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**26. निम्न पर विचार कीजिये:**

1. खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
2. संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
3. विश्व आर्थिक मंच

**नोट :**

4. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (IMF)

**उपर्युक्त में से कितने हाल ही में लॉन्च किये गए वन हेल्थ दृष्टिकोण से संबंधित हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**27. निम्नलिखित में से किस देश में जेनिन शरणार्थी शिविर स्थित है जो वर्ष 1948 के अरब इज़रायली युद्ध के दौरान विस्थापित शरणार्थियों को समायोजित करने हेतु बनाया गया था?**

A. फिलिस्तीन
B. इज़रायल
C. इराक
D. लेबनान

**28. 'अंतर्राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन सम्मेलन (ICGH-2023)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्रीन फाइनेंसिंग थीम हरित बॉण्ड, कार्बन क्रेडिट और सब्सिडी जैसी हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं के वित्तपोषण के विभिन्न स्रोतों और तंत्रों का पता लगाएगी।
2. यह सम्मेलन इलेक्ट्रोलिसिस, थर्मोकेमिकल, बायोलॉजिकल और फोटोकैटलिसिस जैसी हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रहा है।
3. हरित हाइड्रोजन को संपीड़न, द्रवीकरण और धातु हाइड्राइड जैसे विभिन्न तरीकों का उपयोग करके संग्रहीत और परिवहन किया जा सकता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**29. राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र नेटवर्क (NICNET) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. NICNET एक उपग्रह-आधारित राष्ट्रव्यापी कंप्यूटर-संचार नेटवर्क है, जो एक प्रकार का वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) है।
2. यह उत्तर-पूर्व क्षेत्र के दूरदराज़ इलाकों में नेटवर्क कवरेज को मज़बूत करने के लिये सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की एक योजना है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**30. क्वासर के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है?**

A. वे तारे जैसे रेडियो स्रोत हैं जिनकी रेडशिफ्ट बहुत कम होती है।
B. वे फीके, धुँधले आभामंडल हैं जो कुछ नीले तारों को घेरे हुए हैं।
C. वे अत्यधिक चमकदार सक्रिय गैलेक्टिक नाभिक हैं जो सुपरमैसिव ब्लैक होल द्वारा संचालित होते हैं।
D. ये आकाशगंगाओं के समूह हैं जिनकी पहचान समान दूरी पर की गई है।

नोट :

**31. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

"किसान संकट सूचकांक" एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली है जिसे केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान (CRIDA) द्वारा विकसित किया जा रहा है।

कथन-II:

संकट के स्तर को इंगित करने हेतु सूचकांक 0 और 5 के बीच एक मान निर्दिष्ट करेगा।

**उपर्युक्त कथनों के संदर्भ में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं, तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या नहीं करता है

C. कथन-I सही है, लेकिन कथन II गलत है

D. कथन-I गलत है, लेकिन कथन-II सही है

**32. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सौर प्रज्वाल सूर्य पर एक जबरदस्त विस्फोट है जो तब होता है जब 'विकृत' चुंबकीय क्षेत्रों में संग्रहीत ऊर्जा अचानक जारी हो जाती है।
2. सोलर फ्लेयर्स और कोरोनल मास इजेक्शन एक समान हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न ही 1 और न ही 2

**33. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCRC) 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक व्यक्ति को एक बच्चे के रूप में मान्यता प्रदान करता है।
2. भारत ने बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCRC) का अनुमोदन नहीं किया है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

1. केवल 1
2. केवल 2
3. 1 और 2 दोनों
4. न तो 1 और न ही 2

**34. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. SALVEX अभ्यास का 7वाँ संस्करण कोच्चि में आयोजित किया गया था।

3. SALVEX अभ्यास में भाग लेने वालों में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना हैं।

4. कोप इंडिया अभ्यास एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण सत्र है जिसमें भारतीय वायु सेना (IAF) और यूके की रॉयल एयर फोर्स (RAF) शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. तीनों

D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**35. सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व (STR) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व भारत के ओडिशा राज्य में स्थित है।
2. सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व को वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत शामिल किया गया था।
3. यह वर्ष 2009 से बायोस्फीयर रिज़र्व के यूनेस्को विश्व नेटवर्क का हिस्सा है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**36. जन प्रतिनिधित्त्व अधिनियम (RPA), 1951 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. रिश्वतखोरी, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी को RPA, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण के रूप में परिभाषित किया गया है।
2. इसके तहत एक उम्मेदवार निदेशक या प्रबंध एजेंट नहीं होना चाहिये और न ही उसे किसी ऐसे निगम में लाभ का पद धारण करना चाहिये जिसमें सरकार की कम से कम 25% हिस्सेदारी हो।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारत के ताइवान के साथ औपचारिक राजनयिक संबंध हैं लेकिन वह इसे एक राष्ट्र के रूप में मान्यता नहीं देता है।
2. ताइवान ने भारत में ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (Taipei Economic and Cultural Centres TECC) खोले हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**38. कार्यकारी मजिस्ट्रेट (EM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. EM कार्यकारी शाखा का एक अधिकारी होता है जिसके पास भारतीय दंड संहिता (IPC) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CrPC) दोनों के अंतर्गत शक्तियाँ प्राप्त हैं।
2. इनकी नियुक्ति राज्य सरकारों द्वारा की जाती है।
3. जब वे शांति और व्यवस्था बनाए रखने के संबंध में जाँच करते समय न्यायिक प्रकृति के कार्य करते हैं तब वे कभी-कभी अदालतों की तरह कार्य करते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई भी नहीं

**नोट :**

**39. सिंधु जल संधि के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इस संधि के तहत, तीन पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास और सतलुज) को भारत के लिये प्रतिबंधित उपयोग हेतु आवंटित किया गया है।
2. तीन पश्चिमी नदियों (सिंधु, झेलम और चिनाब) को पकिस्तान के लिये प्रतिबंधित उपयोग हेतु आवंटित किया गया है।
3. भारत के पास घरेलू, गैर-उपभोग्य और कृषि उद्देश्यों के लिये पश्चिमी नदियों के सीमित उपयोग की अनुमति है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. कोई भी नहीं

**40. एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (A-वेब) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही नहीं है?**

A. A-वेब दुनिया भर में चुनाव प्रबंधन निकायों (EMB) का सबसे बड़ा संघ है।
B. A-WEB का स्थायी सचिवालय न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित है।
C. इसकी स्थापना दुनिया भर में स्थायी लोकतंत्र प्राप्त करने के अपने सदस्यों के बीच साझा दृष्टिकोण के साथ की गई थी।
D. A-वेब विभिन्न चुनाव प्रबंधन प्रथाओं का अध्ययन करने और EMB के अन्य सदस्यों के साथ ज्ञान साझा करने के लिए विभिन्न देशों में चुनाव आगंतुक और अवलोकन कार्यक्रम भी चलाता है।

**41. हाल ही में खबरों में रहा सोलोमन द्वीप निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में?**

A. दक्षिण-पश्चिम प्रशांत महासागर
B. दक्षिण-पूर्व प्रशांत महासागर
C. उत्तर-पूर्वी प्रशांत महासागर
D. उत्तर-पश्चिम प्रशांत महासागर

**42. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गैलियम की विशेषता का सही वर्णन करता है?**

A. यह एक स्वतंत्र तत्त्व के रूप में नहीं पाया जाता है और केवल कुछ खनिजों, जैसे- जस्ता अयस्कों तथा बॉक्साइट में कम मात्रा में मौजूद होता है।
B. यह चमकदार, कठोर, हीरे के समान क्रिस्टलीय संरचना वाला होता है।
C. इसका उपयोग आमतौर पर फाइबर-ऑप्टिक केबल और इन्फ्रारेड इमेजिंग उपकरणों में किया जाता है।
D. यह कठोर परिस्थितियों में हथियार प्रणालियों को संचालित करने की क्षमता को बढ़ाता है।

**43. भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है जिसमें दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ का निर्धारण/संशोधन भी शामिल है जो पहले केंद्र सरकार में निहित थे।
2. ट्राई की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

**44. वन अधिकार अधिनियम, 2006 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. ग्राम सभा को व्यक्तिगत या सामुदायिक वन अधिकारों के निर्धारण की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है।
2. यह वन निवास अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (OTFD) को आदिवासियों या वनवासियों द्वारा खेती की भूमि पर अधिकतम 5 हेक्टेयर तक स्वामित्व का अधिकार देता है।
3. वनवासियों के अधिकार लघु वनोपज प्राप्त करने तथा चरागाह क्षेत्रों आदि तक विस्तारित हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन I:

ग्लोबल साउथ उन देशों के समूह को संदर्भित करता है जो आमतौर पर आर्थिक विकास की दृष्टि से निम्न स्तर के और ऐतिहासिक रूप से एक उपनिवेश रहे हैं।

कथन II:

"ग्लोबल साउथ" शब्द का उपयोग इसके देशों और ग्लोबल नॉर्थ के अमीर, अधिक विकसित देशों के बीच राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक असमानताओं को उजागर करने के लिये किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है?**

A. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है

B. कथन-I और कथन-II दोनों सही हैं तथा कथन-II कथन-I का सही स्पष्टीकरण नहीं है

C. कथन-I सही है लेकिन कथन-II गलत है

D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**46. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन FL 2027 शब्द को सही ढंग से परिभाषित करता है?**

A. यह पेप्सिको इंडिया की एक पेटेंट किस्म है जिसका उपयोग लेज़ चिप्स बनाने के लिये किया जाता है।

B. यह भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित आलू की आनुवंशिक रूप से संशोधित किस्म है।

C. यह उत्तरी गुजरात में किसानों द्वारा उगाई जाने वाली आलू की एक पारंपरिक किस्म है।

D. यह आलू की एक संकर किस्म है जो दो अलग-अलग प्रजातियों के संकरण द्वारा बनाई गई है।

**47. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. प्रशामक देखभाल को विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) द्वारा स्वास्थ्य के मानव अधिकार के तहत स्पष्ट रूप से मान्यता प्राप्त है।
2. भारत में राष्ट्रीय प्रशामक देखभाल कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये कोई अलग बजट आवंटित नहीं किया जाता है।
3. प्रशामक देखभाल भारत के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के 'मिशन फ्लेक्सीपूल' का हिस्सा है।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. सभी तीन

D. कोई नहीं

**नोट :**

**48. बैटरी इलेक्ट्रिक वाहन ( BEV ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. उनके पास आंतरिक दहन इंजन (ICE) नहीं है और अन्य EV की तुलना में कम टेलपाइप उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं।
2. BEV उन्नत बैटरी तकनीक, मुख्य रूप से लिथियम-आयन (Li-Ion) बैटरी पर निर्भर करती है।
3. हाइब्रिड व्यापक चार्जिंग अवसंरचना की आवश्यकता के बिना बेहतर ईंधन दक्षता प्रदान करते हैं।

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**49. समर्थ योजना ( कपड़ा क्षेत्र में क्षमता निर्माण योजना ) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय का एक मांग-संचालित और प्लेसमेंट-उन्मुख अम्ब्रेला कौशल कार्यक्रम है।
2. समर्थ केवल पूर्वोत्तर राज्यों को कवर करता है, जिससे महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए SC, ST और हाशिये पर मौजूद श्रेणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को लाभ प्राप्त होता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

**50. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत में वन आवरण को "15% से अधिक वृक्ष पैच घनत्त्व वाले 2.5 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल वाली सभी भूमि" के रूप में परिभाषित करता है।
2. भारत वन स्थिति, 2021 के अनुसार भारत में कुल वन और वृक्ष आवरण देश के भौगोलिक क्षेत्र का 25.60% है।
3. ISFR 2021 के अनुसार, मिज़ोरम में सभी राज्यों के 'कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण' के तहत सबसे बड़ा क्षेत्र है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. तीनों
D. उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

**51. धन शोधन निवारण अधिनियम ( PMLA ) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. वियना अभिसमय के जवाब में भारत में PMLA अधिनियमित किया गया था।
2. PMLA के प्रावधान RBI पर लागू नहीं होते हैं।
3. भारत में केंद्रीय जाँच ब्यूरो (CBI) PMLA को लागू करने के लिये ज़िम्मेदार है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. केवल 3
D. 1, 2 और 3

**नोट :**

**52. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. गुइलेन बैरे सिंड्रोम (GBS) एक दुर्लभ ऑटोइम्यून विकार (Autoimmune Disorder) है जिसमें रोगी की प्रतिरक्षा प्रणाली तंत्रिकाओं पर हमला करती है।
2. गुइलेन बैरी सिंड्रोम (GBS) एक जीवाणु या विषाणु संक्रमण हो सकता है।

**निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**53. लम्बानी कला के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. लम्बानी कला, लम्बानी या बंजारा समुदाय विशेष रूप से कर्नाटक द्वारा प्रचलित वस्त्र अलंकरण का एक रूप है।
2. इसे एक स्थायी अभ्यास के रूप में मान्यता प्राप्त है।
3. संदुर लम्बानी कढ़ाई को वर्ष 2010 में भौगोलिक संकेत टैग प्राप्त हुआ।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**54. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सामाजिक उद्यमिता व्यवसाय मॉडल के निर्माण के लिये सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं का उपयोग करने की प्रथा है।
2. सोशल ट्रेलब्लेज़र कलात्मक और रचनात्मक विकास के लिये एक कार्यक्रम है जो मध्य स्तर के सांस्कृतिक और सहयोगी उद्यमों का समर्थन करता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**55. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. भारतीय उपमहाद्वीप के भू-भाग से उठने वाली गर्म हवा दबाव प्रवणता बनाती है जो बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाओं को खींचती है और मानसूनी वर्षा में योगदान करती है।
2. बंगाल की खाड़ी सोमाली जेट के निर्माण और तीव्रता को प्रभावित करती है, भारतीय उपमहाद्वीप को बड़े पैमाने पर इस जेट स्ट्रीम के कारण भूमध्यरेखीय हिंद महासागर से नमी प्राप्त होती है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

**नोट :**

**56. उपतट मेघ के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. एक "उपतट मेघ" या "आर्कस क्लाउड" प्राय: गरज के साथ सबसे आगे बनता है।
2. यह एक प्रकार का निचला, क्षैतिज मेघ निर्माण है जिसकी विशेषता ठोस मेघ की स्पष्ट रूप से परिभाषित रेखा होती है।
3. उपतट मेघ तब बनते हैं जब गर्म तथा विरल हवा को हवा द्वारा ठंडे वायु द्रव्यमान में धकेल दिया

**उपर्युक्त में से कितने कथन सही नहीं हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**57. 'जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन ( GDPR )' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. GDPR यूरोपीय संघ (EU) और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) में डेटा सुरक्षा और गोपनीयता पर एक विनियमन है।
2. GDPR का प्राथमिक उद्देश्य व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डेटा पर नियंत्रण प्रदान करना और अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये नियामक वातावरण को सरल बनाना है।
3. यह एक विनियमन है, ना कि निर्देश, इसलिये यह न तो प्रत्यक्ष रूप से बाध्यकारी है और न ही यूरोपीय संघ के प्रत्येक सदस्य देश पर लागू होता है।

**उपरोक्त में से कितने कथन सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. कोई नहीं

**58. उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. सभी धार्मिक समुदाय तथा उनके उपासना स्थल उपासना स्थल अधिनियम, 1991 के अंतर्गत आते हैं।
2. उपासना स्थल अधिनियम, 1991 धार्मिक उपासना स्थलों के रूपांतरण पर रोक लगाता है।
3. यह अधिनियम यह सुनिश्चित करता है कि उपासना स्थल की धार्मिक पहचान वही रहेगी जो 15 अगस्त, 1947 को थी।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?**

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2
C. केवल 3
D. केवल 1, 2 और 3

**59. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

कथन-I:

सागर संपर्क एक स्वदेशी डिफरेंशियल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (DGNSS) है

कथन-II:

नवीनतम DGNSS प्रणाली के साथ नाविक अब 500 मीटर के भीतर अपनी स्थिति में सुधार कर सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा सही है ?**

A. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I की सही व्याख्या है
B. कथन-I तथा कथन-II दोनों सही हैं और कथन-II कथन-I के लिये सही स्पष्टीकरण नहीं है
C. कथन-I सही है लेकिन कथन II गलत है
D. कथन-I गलत है लेकिन कथन-II सही है

**नोट :**

**60. निम्नलिखित पर विचार कीजिये:**

1. ताँबे की पानी की बोतल
2. स्टेनलेस स्टील
3. एल्युमीनियम
4. लौ उत्पन्न करने वाले लाइटर

**उपरोक्त में से कौन उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्द्धन विभाग ( DPIIT ) के गुणवत्ता नियंत्रण आदेश ( QCO ) के अंतर्गत शामिल हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. उपरोक्त सभी

**61. चुनावी बॉण्ड के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इन्हें किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक से खरीदा जा सकता है और ये जारी होने की तारीख से 15 दिनों के लिये वैध होते हैं।
2. पिछले आम चुनाव में कम-से-कम 1% मत हासिल करने वाले राजनीतिक दल ही चुनावी बॉण्ड के माध्यम से दान प्राप्त करने के पात्र हैं।
3. चुनावी बॉण्ड नकद, डिजिटल या चेक के माध्यम से खरीदे जा सकते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं/हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. सभी तीन
D. इनमें से कोई नहीं

**62. फॉस्फीन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह फॉस्फोरस और हाइड्रोजन का एक यौगिक है जो मनुष्यों के लिये अत्यधिक विषैला होता है।
2. इसका उत्पादन केवल शुक्र और पृथ्वी जैसे चट्टानी ग्रहों पर रहने वाले जीवों द्वारा किया जा सकता है।
3. प्रथम विश्व युद्ध के दौरान इसका उपयोग रासायनिक हथियार के रूप में किया गया था और अभी भी इसका उपयोग कृषि धूम्रक के रूप में किया जाता है।
4. यह मेथ लैब का उप-उत्पाद है और इसका उपयोग सेमीकंडक्टर उद्योग में भी किया जाता है।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं ?**

A. केवल एक
B. केवल दो
C. केवल तीन
D. सभी चार

**63. यमुना नदी के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. यह गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है और यमुना-गंगा मैदान का अभिन्न अंग है।
2. इसका स्रोत निचली हिमालय श्रृंखला में यमुनोत्री ग्लेशियर में है और प्रयागराज में संगम पर गंगा से मिलती है।
3. यह पाँच राज्यों - उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और उत्तरप्रदेश से होकर बहती है।

4. इसकी महत्त्वपूर्ण सहायक नदियों में चंबल, सिंध, बेतवा और घाघरा शामिल हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कितने सही हैं?**

A. केवल एक

B. केवल दो

C. केवल तीन

D. सभी चार

**64. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:**

1. इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) 2023 ,एक वार्षिक कार्यक्रम है जो मोबाइल और डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों को प्रदर्शित करता है।
2. IMC 2023 का विषय "ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन" है।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

**65. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?**

1. सियाचिन ग्लेशियर, हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है।
2. NJ 9842, भारत और पाकिस्तान के बीच ज्ञात सीमा है।
3. नुब्रा नदी, सियाचिन ग्लेशियर से निकलती है।

**नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:**

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1

D. 1, 2 और 3

नोट :

## व्याख्या भाग-1

1.

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने वर्ष 2023 के लिये 'ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम (GCP)' कार्यान्वयन नियमों को अधिसूचित किया है। **अंत: कथन 1 सही है।**
- ग्रीन क्रेडिट कार्यक्रम एक ऐसा तंत्र है जो घरेलू कार्बन बाज़ार का पूरक है। **अंत: कथन 2 सही है।**
- घरेलू कार्बन बाज़ार पूरी तरह से $CO_2$ उत्सर्जन में कटौती पर केंद्रित है। ग्रीन क्रेडिट प्रणाली का लक्ष्य अन्य पर्यावरणीय दायित्वों को भी पूरा करना है जो कंपनियों, व्यक्तियों एवं स्थानीय निकायों द्वारा स्थायी कार्यों को प्रोत्साहित करता है। **अंत: कथन 3 सही नहीं है।**

2.

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- यह उत्तरी लाओस में एनामाइट पर्वत श्रृंखला की ऊंचाई पर स्थित एक ढलान वाली गुफा है। **अत: कथन 1 सही है।**
- डेनिसोवन कनेक्शन: उल्लेखनीय रूप से गुफा में 150,000 वर्ष पुराना एक दाँत पाया गया था, जो इसे विलुप्त मानव रिश्तेदार डेनिसोवन की उपस्थिति से जोड़ता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- टैम पा लिंग के साक्ष्य ने दक्षिण पूर्व एशिया में होमो सेपियंस के आगमन की समय अवधि  को और पीछे कर दिया है। **अत: कथन 3 सही है।**

3.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- पीएम-प्रणाम योजना और FRP में वृद्धि
- आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति (CCEA) ने पीएम-प्रणाम (PM-PRANAM) योजना को मंज़ूरी दी है जिसका उद्देश्य जैव उर्वरकों के उपयोग से धरती की उर्वरता को पुनर्स्थापित और पोषित करना है। **अत: कथन 1 सही है।**
- पीएम-प्रणाम योजना:
- पीएम-प्रणाम का मतलब कृषि प्रबंधन हेतु वैकल्पिक पोषक तत्त्वों का संवर्द्धन (Promotion of Alternate Nutrients for Agriculture Management Yojana- PM PRANAM) है।
- पीएम-प्रणाम की घोषणा पहली बार केंद्र सरकार द्वारा 2023-24 के बजट में की गई थी।
- इस योजना का उद्देश्य राज्यों को वैकल्पिक उर्वरक अपनाने के लिये प्रोत्साहित करके रासायनिक उर्वरकों के उपयोग में कमी लाना है।
- उद्देश्य:
    - जैव उर्वरकों और जैविक उर्वरकों के साथ उर्वरकों के संतुलित उपयोग को प्रोत्साहित करना।
    - रासायनिक उर्वरकों पर सब्सिडी का बोझ कम करना, जो कि वर्ष 2022-2023 में लगभग 2.25 लाख करोड़ रुपए था।
- योजना की मुख्य विशेषताएँ:
    - इस योजना को रसायन और उर्वरक मंत्रालय के उर्वरक विभाग द्वारा संचालित योजनाओं के तहत मौजूदा उर्वरक सब्सिडी की बचत से वित्तपोषित किया जाएगा। **अत: कथन 2 सही है।**

- पीएम-प्रणाम योजना के लिये अलग से कोई बजट नहीं होगा। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- सब्सिडी बचत और अनुदान:
  - केंद्र सरकार द्वारा राज्यों को सब्सिडी बचत का 50% अनुदान के रूप में प्रदान किया जाएगा।
  - अनुदान में से 70% का उपयोग विभिन्न स्तरों पर वैकल्पिक उर्वरकों और उत्पादन इकाइयों के तकनीकी उत्थान हेतु परिसंपत्तियों के निर्माण में उपयोग किया जा सकता है।
  - शेष 30% का उपयोग किसानों, पंचायतों और उर्वरक कटौती एवं जागरूकता सृजन में शामिल अन्य हितधारकों को पुरस्कृत तथा प्रोत्साहित करने के लिये किया जा सकता है।
- उर्वरक कटौती की गणना:
  - किसी राज्य द्वारा यूरिया की खपत में कमी की तुलना पिछले तीन वर्षों में यूरिया की औसत खपत से की जाएगी।
  - यह गणना सब्सिडी बचत और अनुदान के लिये पात्रता निर्धारित करेगी।

**4.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य**

- ओडिशा के बरगढ़ ज़िले में स्थित डेब्रीगढ़ वन्यजीव अभयारण्य को आसपास रहने वाली मानव बस्ती से पूरी तरह मुक्त कर दिया गया है। राज्य वन और पर्यावरण विभाग के अनुसार, डेब्रीगढ़ अभयारण्य, जिसे एक बाघ अभयारण्य बनाने का प्रस्ताव है, में बड़े एवं मांसाहारी पशुओं के लिये उच्च शिकार पाए जाने की बहुत संभावना है।
- यह अभयारण्य भारतीय बाइसन, जंगली सूअर, सांभर और मोर जैसे जानवरों का निवास स्थान है। इस अभयारण्य में चार सींग वाला मृग (चौसिंघा), जो IUCN की रेड लिस्ट में असुरक्षित के रूप में सूचीबद्ध है, भी पाया जाता है।
- हीराकुंड जलाशय एक रामसर स्थल और अंतर्राष्ट्रीय पक्षी क्षेत्र भी इस अभयारण्य के निकट में ही स्थित है।
- इस अभयारण्य की प्रसिद्धि का एक अन्य कारण प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी वीर सुरेंद्र साई हैं, जिन्होंने अंग्रेज़ों के खिलाफ विद्रोह के दौरान इसी अभयारण्य के भीतर स्थित 'बारापथारा' में अपना ठिकाना बनाया था।

**5.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- भारत पूर्वोत्तर एशिया और पश्चिमी प्रशांत क्षेत्र से प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने के उद्देश्य से समुद्री मार्ग के माध्यम से चेन्नई को प्रमुख रूसी बंदरगाह व्लादिवोस्तोक से जोड़ने के लिये एक प्रमुख कनेक्टिविटी पहल शुरू करने की योजना बना रहा है। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्रस्तावित समुद्री मार्ग को एक गलियारे में परिवर्तित किया जा सकता है जो सीमा सड़क योजना (BRI) के तहत चीन के समुद्री सिल्क मार्ग (MSR) का मुकाबला करने के लिये भारत-जापान प्रशांत से हिंद महासागर गलियारे के साथ जुड़ सकता है, जो पूरे दक्षिण पूर्व एशिया को सड़क, समुद्री, रेल मार्ग के माध्यम से जोड़ता है। अतः कथन 2 सही है लेकिन यह कथन 1 की सही व्याख्या नहीं करता है।

**6.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल एन्वायरनमेंट फैसिलिटी (GEF):**

- वैश्विक पर्यावरण सुविधा (Global Environment Facility- GEF) की स्थापना वर्ष 1992 के रियो अर्थ समिट से एक दिन पहले की गई थी।

- यह एक प्रकार की निधि है जो जैवविविधता के नुकसान, जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण और भूमि एवं महासागर स्वास्थ्य के क्षरण का सामना करने के लिये समर्पित है।
- इसकी एक अद्वितीय शासकीय संरचना है जिसमें एक विधानसभा, परिषद, सचिवालय, 18 एजेंसियाँ, एक वैज्ञानिक एवं तकनीकी सलाहकार पैनल तथा मूल्यांकन कार्यालय सम्मिलित है।
- यह पाँच प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों के लिये वित्तीय सहायता प्रदान करती है:
  - बुध पर मिनामाता अभिसमय  वर्ष 2013 में हस्ताक्षरित और वर्ष 2017 में लागू हुआ)।
  - स्थायी कार्बनिक प्रदूषकों (POP) पर स्टॉकहोम अभिसमय (वर्ष 2001 में हस्ताक्षरित और वर्ष 2004 में लागू हुआ)।
  - जैविक विविधता पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (UNCBD) (वर्ष 1993 में लागू हुआ)।
  - मरुस्थलीकरण से निपटने के लिये संयुक्त राष्ट्र अभिसमय  (UNCCD) (वर्ष 1994 में अपनाया गया)।
  - जलवायु परिवर्तन पर संयुक्त राष्ट्र फ्रेमवर्क अभिसमय (UNFCCC) वर्ष 1992 में हस्ताक्षरित और वर्ष 1994 में लागू हुआ)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- भारत सहित 184 देश इसके सदस्य हैं। **अतः कथन 3 सही है।**
- इसका सचिवालय वाशिंगटन, डी.सी. में स्थित है।
- विश्व बैंक GEF के ट्रस्टी के रूप में कार्य करता है, जो GEF ट्रस्ट फंड (दानदाताओं द्वारा योगदान) का प्रबंधन करता है। **अतः कथन 1 सही है।**

**7.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (IAEA):**

- IAEA एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसका उद्देश्य परमाणु ऊर्जा के शांतिपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देना और परमाणु हथियारों सहित किसी भी सैन्य उद्देश्य के लिये इसके उपयोग को प्रतिबंधित करना है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसकी स्थापना वर्ष 1957 में संयुक्त राष्ट्र के तहत  विश्व की "शांति के लिये परमाणु" (Atoms for Peace) संगठन के रूप में की गई थी। इसे इसकी स्वयं की संस्थापक संधि, IAEA के कानून द्वारा शासित किया जाता है।
- यह संयुक्त राष्ट्र महासभा और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद दोनों को रिपोर्ट करता है तथा इसका मुख्यालय वियना, ऑस्ट्रिया में संयुक्त राष्ट्र कार्यालय में है। **अतः कथन 2 सही है।**
- वर्ष 2005 में एक सुरक्षित और शांतिपूर्ण विश्व की स्थापना के लिये किये गए इसके कार्यों एवं प्रयासों के लिये इसे नोबेल शांति पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

**8.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**पंचायत विकास सूचकांक रिपोर्ट:**

- हाल ही में केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के राज्य मंत्री ने नई दिल्ली में पंचायत विकास सूचकांक पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला में पंचायत विकास सूचकांक (PDI) पर रिपोर्ट जारी की।

**पंचायत विकास सूचकांक:**

- यह एक समग्र सूचकांक है जो सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के स्थानीयकरण को प्राप्त करने में पंचायतों के प्रदर्शन को मापता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह पंचायतों की विकास स्थिति का समग्र और साक्ष्य-आधारित मूल्यांकन प्रदान करता है तथा उनकी शक्ति एवं कमज़ोरियों को उजागर करता है।

नोट :

- PDI का उद्देश्य पंचायतों और हितधारकों के बीच उनके महत्त्व के विषय में जागरूकता बढ़ाकर सतत् विकास लक्ष्य के स्थानीयकरण को बढ़ावा देना है।
- -यह सतत् विकास लक्ष्य (SDG) हासिल करने में अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिये पंचायतों को सर्वोत्तम प्रथाओं और नवाचारों को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करता है।

**रैंकिंग और वर्गीकरण:**

- पंचायत विकास सूचकांक, ज़िला, ब्लॉक और गाँव सहित विभिन्न स्तरों पर पंचायतों को उनके कुल स्कोर के आधार पर रैंकिंग प्रदान करता है।
- पंचायतों को चार ग्रेडों में वर्गीकृत किया गया है: D (स्कोर 40% से कम), C (40-60%), B (60-75%), A(75-90%) और A+ (90% से ऊपर)। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**

**विषय और केंद्रीय बिंदु:**

- पंचायत विकास सूचकांक नौ विषयों पर विचार करता है, जिनमें गरीबी मुक्त और उन्नत आजीविका, स्वस्थ गाँव, बाल-सुलभ गाँव, जल-पर्याप्त गाँव, स्वच्छ और हरित गाँव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढाँचा, सामाजिक रूप से न्यायसंगत एवं सुरक्षित गाँव, सुशासन तथा महिला-अनुकूल गाँव शामिल हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**9.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**INS सुनयना का बीरा, मोज़ाम्बिक का दौरा**

- हाल ही में भारतीय नौसेना के एक नौसैनिक जहाज़ INS सुनयना ने बीरा, मोज़ाम्बिक के बंदरगाह का दौरा किया जो अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंधों को बढ़ावा देने तथा सागर- क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास के दृष्टिकोण को बढ़ावा देने हेतु भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।
- INS सुनयना की तैनाती में मोज़ाम्बिक के तट पर एक संयुक्त विशेष आर्थिक क्षेत्र (EEZ) की गश्त करना भी शामिल है जो दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को और बढ़ाती है।
- मिशन सागर को वर्ष 2015 में आरंभ किया गया था। यह हिंद महासागर क्षेत्र (IOR) में भारत की रणनीतिक दृष्टि है। सागर के माध्यम से भारत अपने समुद्री पड़ोसियों के साथ आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग को सुदृढ़ करना चाहता है तथा उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना चाहता है।



- मोज़ाम्बिक की सीमा तंजानिया, मलावी, ज़ाम्बिया, ज़िम्बाब्वे, दक्षिण अफ्रीका और इस्वातिनी से लगती है। इसकी 2,500 किलोमीटर लंबी हिंद महासागर तटरेखा पूर्व में मेडागास्कर की ओर लगती है। मोज़ाम्बिक में अनुमानित 33 मिलियन (वर्ष 2022) नागरिकों में से लगभग दो-तिहाई नागरिक ग्रामीण क्षेत्रों में रहते हैं और काम करते हैं। **अतः विकल्प C सही है।**

10.

**उत्तर : D**

**व्याख्या :**

- फिलीपींस दक्षिण-पूर्व एशिया में स्थित एक द्वीपसमूह है, जिसकी सीमा पूर्व में फिलीपीन सागर, पश्चिम में दक्षिण चीन सागर और दक्षिण में सेलेब्स सागर से लगती है।
  - इसमें 7,641 द्वीप हैं, जिनमें लूज़ोन और मिंडानाओ सबसे बड़े हैं।
  - इसकी राजधानी मनीला है, जो लूज़ोन द्वीप पर स्थित है।
  - मिंडानाओ द्वीप पर माउंट अपो (2,954 मीटर) सबसे ऊँची चोटी है, साथ ही यह एक सक्रिय ज्वालामुखी है।
- फिलीपींस किसी भी देश के साथ भूमि सीमा साझा नहीं करता है। **अतः विकल्प D सही है।**




11.

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**


**आर्टेमिस समझौता:**

- आर्टेमिस समझौता अमेरिकी विदेश विभाग और NASA द्वारा सात अन्य संस्थापक सदस्यों- ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, इटली, जापान, लक्ज़मबर्ग, संयुक्त अरब अमीरात और यूनाइटेड किंगडम के साथ वर्ष 2020 में नागरिक अन्वेषण को नियंत्रित करने तथा शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिये चंद्रमा, मंगल, धूमकेतु, क्षुद्रग्रह तथा बाहरी अंतरिक्ष के उपयोग के लिये सामान्य सिद्धांत स्थापित किये गए हैं। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- वर्ष 1967 की बाह्य अंतरिक्ष संधि इसका आधार है। **अतः कथन 2 सही है।**
  - बाह्य अंतरिक्ष संधि अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष कानून की नींव के रूप में कार्य करती है जो संयुक्त राष्ट्र के तहत एक बहुपक्षीय समझौता है।
  - यह संधि अंतरिक्ष को मानवता के लिये साझा संसाधन के रूप में महत्त्व देती है, राष्ट्रीय विनियोग पर रोक लगाती है और अंतरिक्ष के शांतिपूर्ण उपयोग को प्रोत्साहित करती है।

- हस्ताक्षरकर्त्ता देश:




- भारत गैर-बाध्यकारी आर्टेमिस समझौते पर हस्ताक्षर करने वाला 27वाँ देश बन गया है।

- आर्टेमिस-III: चंद्रमा पर मानव की वापसी:
  - अंतरिक्ष यात्रियों के चंद्रमा पर लौटने के साथ ही वर्ष 2025 के लिये निर्धारित आर्टेमिस-III मानव अंतरिक्ष अन्वेषण में एक महत्त्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगा। **अतः कथन 3 सही है।**
  - यह मिशन आर्टेमिस-II के चंद्र फ्लाई-बाई से आगे जाएगा, जिससे अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की सतह पर उतरने के साथ चंद्रमा का अधिक व्यापक रूप से अध्ययन करने की अनुमति प्राप्त होगी।
  - साथ ही वर्ष 2029 के लिये लूनर गेटवे स्टेशन की स्थापना की योजना बनाई गई है। यह स्टेशन अंतरिक्ष यात्रियों के लिये डॉकिंग पॉइंट के रूप में काम करेगा तथा वैज्ञानिक अनुसंधान के साथ प्रयोगों की सुविधा प्रदान करेगा।

**12.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**अंतर्राष्ट्रीय समुद्री प्राधिकरण (International Seabed Authority):**

- परिचय:
  - ISA संयुक्त राष्ट्र सामान्य प्रणाली के अंतर्गत एक स्वायत्त संगठन है, जिसका मुख्यालय किंग्स्टन, जमैका में स्थित है।

- वर्ष 1982 UNCLOS के सभी राज्य पक्ष प्राधिकरण के सदस्य हैं, जिसमें यूरोपीय संघ सहित कुल 168 सदस्य हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- प्राधिकरण UNCLOS द्वारा स्थापित तीन अंतर्राष्ट्रीय संस्थानों में से एक है।
- अन्य दो महाद्वीपीय शेल्फ की सीमा पर आयोग और समुद्री कानून के लिये अंतर्राष्ट्रीय न्यायाधिकरण हैं।

- उद्देश्य:
  - इसका प्राथमिक कार्य 'क्षेत्र' में पाए जाने वाले खनिजों की गहरे समुद्र तल में खोज तथा दोहन को विनियमित करना है, जिसे कन्वेंशन द्वारा राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र की सीमाओं के साथ महाद्वीपीय मग्नतट की बाहरी सीमाओं से परे समुद्र तल एवं उप मृदा के रूप में परिभाषित किया गया है।
  - यह क्षेत्र पृथ्वी पर संपूर्ण समुद्री तल के केवल 50% से अधिक भाग पर स्थित है। **अतः कथन 2 सही है।**

**13.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर**


- हाल ही में केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री ने गुजरात के गांधीनगर में राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर, लोथल की समीक्षा की।
- NMHC परिसर में विश्व का सबसे ऊँचा लाइटहाउस संग्रहालय, एशिया का सबसे बड़ा जलीय समुद्री संग्रहालय और भारत का सबसे भव्य नौसेना संग्रहालय होगा। **अतः कथन 1 सही है।**
  - गुजरात में लोथल के ऐतिहासिक सिंधु घाटी सभ्यता क्षेत्र में NMHC का निर्माण पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के तहत किया जा रहा है। **अतः कथन 2 सही है कथन 3 सही नहीं है।**
  - इसका प्राथमिक उद्देश्य प्राचीन से लेकर आधुनिक काल तक की भारत की समुद्री विरासत को प्रदर्शित करना, शिक्षा और मनोरंजन के सहयोगात्मक दृष्टिकोण का उपयोग एवं नवीनतम तकनीक को शामिल करना है।
- महत्त्व:
  - NMHC विश्व का सबसे बड़ा समुद्री संग्रहालय परिसर और एक अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल बनेगा।
  - यह आगंतुकों/पर्यटकों को भारत के समृद्ध समुद्री इतिहास के बारे में शिक्षित करने और वैश्विक समुद्री क्षेत्र में भारत की छवि को नया आयाम प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।
  - यह सागरमाला परियोजना का एक हिस्सा है और इसे सार्वजनिक तथा निजी संस्थानों, संगठनों एवं कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (CSR) पहल की भागीदारी के साथ विकसित किया जा रहा है। भारत के प्रमुख बंदरगाहों ने इस परियोजना का समर्थन करने के लिये वित्तीय सहायता प्रदान की है।
- NMHC की विशेषताएँ:
  - इसमें लोथल मिनी-रिक्रिएशन जैसी कई विशेषताएँ होंगी; जिसमें चार थीम पार्क हैं- मेमोरियल थीम पार्क, मैरीटाइम एंड नेवी थीम पार्क, क्लाइमेट थीम पार्क और एडवेंचर एंड एम्यूज़मेंट थीम पार्क।

**लोथल:**

- यह सिंधु घाटी सभ्यता (IVC) के सबसे दक्षिणी स्थलों में से एक था, जो अब गुजरात राज्य के भाल क्षेत्र में स्थित है। माना जाता है कि इसका निर्माण लगभग 2,200 ईसा पूर्व हुआ था।
- यह 2,200 ईसा पूर्व के आसपास एक व्यापार केंद्र के रूप में विकसित हुआ, जिसके व्यापारिक संबंध पश्चिम एशिया और अफ्रीका तक थे।
- यह मोतियों, रत्नों और गहनों के व्यापार के लिये जाना जाता है।
- गुजराती में लोथल (लोथ और थाल का एक संयोजन) का अर्थ है "मृतकों का टीला।

नोट :

- लोथल का उत्खनन स्थल सिंधु घाटी सभ्यता का एकमात्र बंदरगाह शहर है।
- UNESCO विश्व धरोहर स्थल के लिये नामांकन:
  - लोथल को अप्रैल 2014 में यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल के रूप में नामित किया गया था।
  - इसका आवेदन यूनेस्को की अस्थायी सूची में लंबित है।




14.

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**ऊर्जा संक्रमण सूचकांक 2023: WEF**

हाल ही में विश्व आर्थिक मंच (WEF) ने अपने ऊर्जा संक्रमण सूचकांक (ETI) में भारत को वैश्विक स्तर पर 67वें स्थान पर रखा है। **अत: कथन 1 सही है।**

- सूचकांक के अनुसार, भारत एकमात्र प्रमुख अर्थव्यवस्था है जिसमें सभी आयामों में ऊर्जा परिवर्तन की गति तेज़ देखी गई है और सिंगापुर एकमात्र अन्य प्रमुख देश है जो संतुलित तरीके से स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा और इक्विटी को बढ़ाकर "उचित गति" प्रदर्शित कर रहा है।

**नोट:** ETI 120 अर्थव्यवस्थाओं के लिये आर्थिक विकास एवं वृद्धि, पर्यावरणीय स्थिरता, ऊर्जा सुरक्षा, अभिगम संकेतकों और सुरक्षित, स्थायी, किफायती तथा समावेशी ऊर्जा प्रणालियों में संक्रमण की उनकी तत्परता के आधार पर ऊर्जा प्रणालियों के वर्तमान प्रदर्शन पर मानदंड सुनिश्चित करता है।

**ऊर्जा संक्रमण सूचकांक की मुख्य विशेषताएँ:**

- रैंकिंग:

- इस सूची में स्वीडन शीर्ष पर है और उसके बाद 120 देशों की सूची में शीर्ष पाँच में डेनमार्क, नॉर्वे, फिनलैंड और स्विट्ज़रलैंड हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- शीर्ष 10 देशों में फ्राँस (7वें) एकमात्र G20 देश था, उसके बाद जर्मनी (11वें), अमेरिका (12वें) और यूनाइटेड किंगडम (13) का स्थान है।

- वैश्विक दृष्टिकोण:
  - वर्ष 2014 के बाद से वैश्विक औसत ETI स्कोर में 10% की वृद्धि हुई है, लेकिन पिछले तीन वर्षों में न्यूनतम वृद्धि देखी गई है।
  - पिछले दशक में केवल 41 देशों ने लगातार प्रगति प्रदर्शित की है।

**15.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या :**

**भारत निर्वाचन आयोग (ECI) से संबंधित संवैधानिक प्रावधान:**


- भारतीय संविधान का भाग XV (अनुच्छेद 324-329): यह चुनावों से संबंधित है और इन मामलों के लिये एक आयोग की स्थापना करता है।
- अनुच्छेद 324: चुनावों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण चुनाव आयोग को सौंपा जाएगा।
- अनुच्छेद 325: कोई भी व्यक्ति धर्म, नस्ल, जाति या लिंग के आधार पर किसी विशेष मतदाता सूची में शामिल होने या उसके होने का दावा करने के लिये अयोग्य नहीं होगा।
- अनुच्छेद 326: लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव वयस्क मताधिकार पर आधारित होंगे।
- अनुच्छेद 327: विधानमंडलों के चुनाव के संबंध में प्रावधान सुनिश्चित करने के लिये संसद की शक्ति।
- अनुच्छेद 328: किसी राज्य की विधायिका के पास उस विधायिका के चुनावों को नियंत्रित करने वाले प्रावधान तय करने का अधिकार है।
- अनुच्छेद 329: चुनावी मामलों में न्यायालयों के हस्तक्षेप पर रोक। **अत: विकल्प A सही है**

**16.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बुद्ध के जीवन की 5 महान घटनाएँ हैं- जन्म, महाभिनिष्क्रमण (घर और सांसारिक सुख का त्याग), निर्वाण, धम्मचक्रपरिवर्तन और महापरिनिर्वाण।




- केवल दूसरा युग्म सही सुमेलित है, **अत: विकल्प A सही है।**

**17.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- निर्भया फंड:

नोट :

- वर्ष 2013 में स्थापित निर्भया फंड महिलाओं की सुरक्षा के लिये एक गैर-व्यपगत योग्य कॉर्पस फंड प्रदान करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- इसे वित्त मंत्रालय (MOF) के आर्थिक मामलों के विभाग (DEA) द्वारा प्रशासित किया जाता है।

- मिशन वात्सल्य:
  - यह महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा सतत् विकास लक्ष्यों (SDG) के अनुरूप विकास और बाल संरक्षण प्राथमिकताओं के लिये एक रोडमैप के अंतर्गत प्रारंभ की गई केंद्र प्रायोजित योजना है।
- केंद्रीय पीड़ित मुआवज़ा कोष (CVCF): यह CrPC की धारा 357A के अंतर्गत बलात्कार/सामूहिक बलात्कार सहित विभिन्न अपराधों के पीड़ितों को वित्तीय सहायता प्रदान करता है। **अतः कथन 3 सही नहीं है।**
- वन स्टॉप सेंटर (OSC): यह किसी भी परिस्थिति में हिंसा से प्रभावित महिलाओं को चिकित्सा सहायता, पुलिस सहायता, कानूनी सहायता या परामर्श, मनोवैज्ञानिक-सामाजिक परामर्श के साथ अस्थायी आश्रय जैसी एकीकृत सेवाएँ प्रदान करता है।
  - उषा मेहरा आयोग ने वन-स्टॉप सेंटर (OSC) स्थापित करने की सिफारिश की थी। **अतः कथन 2 सही है।**
- महिला पुलिस स्वयंसेवक (MPV): यह महिला स्वयंसेवकों के माध्यम से ज़मीनी स्तर पर सार्वजनिक-पुलिस इंटरफेस की सुविधा प्रदान करती है जो पुलिस और समुदायों के बीच एक कड़ी के रूप में कार्य करती है, साथ ही संकट की स्थिति में महिलाओं को सहायता प्रदान करती है।

**18.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**6G प्रौद्योगिकी:**

- 6G प्रौद्योगिकी, 5G प्रौद्योगिकी की उत्तराधिकारी है, जिसे वर्तमान में भारत सहित विभिन्न देशों में शुरू किया जा रहा है।
- उम्मीद है कि 5G प्रौद्योगिकी की तुलना में 6G प्रौद्योगिकी 100 गुना तेज़ गति, अत्यंत कम विलंबता, उच्च विश्वसनीयता और व्यापक कनेक्टिविटी प्रदान करेगी।
- होलोग्राफिक संचार, मस्तिष्क-कंप्यूटर इंटरफेस, क्वांटम इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे नए अनुप्रयोगों तथा सेवाओं को सक्षम बनाने के लिये 6G प्रौद्योगिकी की कल्पना की गई है।
- 6G में होलोग्राफिक संचार वास्तविक समय में 3D होलोग्राफिक छवियों के प्रसारण और प्रदर्शन को संदर्भित करता है, जो गहनता के साथ-साथ जीवंत संचार अनुभवों को सक्षम बनाता है।
- 6G में ब्रेन-कंप्यूटर इंटरफेस भविष्य की एक तकनीक है जो उपयोगकर्ताओं को अपने विचारों से कंप्यूटर और उपकरणों को नियंत्रित करने में सक्षम बनाएगी।
- इसका उद्देश्य आवृत्ति के टेराहर्ट्ज़ बैंड का उपयोग करना है जो वर्तमान में अप्रयुक्त है। **अतः कथन 1 सही है।**
  - टेराहर्ट्ज़ तरंगें विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम पर अवरक्त तरंगों और माइक्रोवेव के बीच गिरती हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - ये तरंगें अत्यधिक छोटी और कमज़ोर होती हैं, लेकिन यह अधिक मात्रा में मुफ्त स्पेक्ट्रम के साथ शानदार डेटा दरों की अनुमति प्रदान करेगी।

**19.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- तमिलनाडु का नमक्कल ज़िला देश के जल संकट से निपटने के लिये महत्त्वपूर्ण समाधान प्रदान करता है। 1.7 मिलियन की आबादी वाले इस ज़िले ने जल की कमी का सफलतापूर्वक समाधान किया और भूजल उपलब्धता के मामले में भारत का दूसरा सबसे उत्कृष्ट ज़िला बन गया। **अतः कथन 1 सही है।**

नोट :

- 1.7 मिलियन की आबादी वाले भारत के तमिलनाडु में नमक्कल ज़िले ने जल की कमी से निपटने में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।
  - जल संरक्षण और प्रबंधन के लिये ज़िले के रणनीतिक दृष्टिकोण से भू-जल उपलब्धता में महत्त्वपूर्ण सुधार हुआ है, जिससे यह केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय की वार्षिक रैंकिंग के अनुसार वर्ष 2022 के लिये संरक्षण और प्रबंधन श्रेणी में भारत का दूसरा सबसे उत्कृष्ट ज़िला बन गया है। **अत: कथन 2 सही है।**

**20.**

**उत्तर: C.**

**व्याख्या:**

- शंघाई सहयोग संगठन अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय संगठनों के साथ सहयोग पर केंद्रित है।
- भारत को वर्ष 2017 में अस्ताना शिखर सम्मेलन में SCO के पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल किया गया था तथा क्रमिक अध्यक्षता के नियमानुसार वर्ष 2023 में भारत ने पहली बार इस समूह अध्यक्षता की।
- SCO समूह में अब चीन, भारत, ईरान, कज़ाखस्तान, किर्गिज़स्तान, पाकिस्तान, रूस, ताजिकिस्तान और उज़्बेकिस्तान शामिल हैं। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने SCO में सहयोग के लिये पाँच नए स्तंभ और फोकस क्षेत्र बनाए हैं, जिनमें स्टार्टअप और इनोवेशन, पारंपरिक औषधि, युवा सशक्तीकरण, डिजिटल समावेशन तथा साझा बौद्ध विरासत शामिल हैं। **अत: कथन 2 सही है।**

**21.**

**उत्तर : C**

**व्याख्या :**

**भारत में प्रासंगिक कानून और अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन:**

- अन्य कानून:
  - अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम, 1956 (ITPA) देह व्यापार के लिये तस्करी की रोकथाम हेतु प्रमुख कानून है। **अत: कथन 1 सही है।**
  - महिलाओं और बच्चों की तस्करी से संबंधित अन्य विशिष्ट कानून बनाए गए हैं- बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006; बंधुआ श्रम प्रणाली (उन्मूलन) अधिनियम, 1976; बाल श्रम (निषेध और विनियमन) अधिनियम, 1986; मानव अंग प्रत्यारोपण अधिनियम, 1994।
  - यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (POCSO) अधिनियम, 2012 बच्चों को यौन दुर्व्यवहार और शोषण से बचाने के लिये एक विशेष कानून है।
- अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन:
  - अंतर्राष्ट्रीय संगठित अपराध पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन (UNCTOC) महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने, शोषणकारियों और अपराधियों को दंडित करने के लिये एक प्रोटोकॉल है (भारत इसका हस्ताक्षरकर्ता है)। **अत: कथन 2 सही है।**
  - वेश्यावृत्ति के लिये महिलाओं और बच्चों की तस्करी को रोकने तथा मुकाबला करने पर SSARC अभिसमय (भारत इसका हस्ताक्षरकर्ता है)। **अत: कथन 3 सही है।**

**22.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**नकद आरक्षित अनुपात (CRR) और वैधानिक तरलता अनुपात (SLR):**

- CRR और SLR दोनों मौद्रिक नीति उपकरण हैं जिनका उपयोग केंद्रीय बैंकों द्वारा अर्थव्यवस्था में ऋण की उपलब्धता को विनियमित एवं नियंत्रित करने के लिये किया जाता है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- CRR के तहत वाणिज्यिक बैंकों को केंद्रीय बैंक के पास एक निश्चित न्यूनतम जमा राशि (NDTL) आरक्षित रखनी होती है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- SLR, जमा का न्यूनतम प्रतिशत है, जिसे एक वाणिज्यिक बैंक को नकदी, सोना या अन्य प्रतिभूतियों के रूप में बनाए रखना होता है।

**24.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- SAFF का गठन वर्ष 1997 में बांग्लादेश, भारत, मालदीव, नेपाल, पाकिस्तान और श्रीलंका के सदस्य संघों की स्थापना करके किया गया था। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - भूटान वर्ष 2000 में SAFF में शामिल हुआ था। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वर्तमान में SAFF सचिवालय ढाका, बांग्लादेश से संचालित होता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**25.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (NDRF)

- गठन:
  - वर्ष 2005 में आपदा प्रबंधन अधिनियम के अधिनियमन के साथ राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि (NCCF) का नाम बदलकर राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष/निधि (NDRF) कर दिया गया।
    - इसे आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 (DM अधिनियम) की धारा 46 में परिभाषित किया गया है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - इसे भारत सरकार के "सार्वजनिक खाते" में "ब्याज रहित आरक्षित निधि" के अंतर्गत रखा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- वित्तीयन:
  - इसे कुछ वस्तुओं पर उपकर, उत्पाद शुल्क और सीमा शुल्क लगाकर वित्तपोषित किया जाता है तथा वित्त विधेयक के माध्यम से वार्षिक मंज़ूरी दी जाती है। **अत: कथन 3 सही है।**

**26.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- क्वाड्रिपार्टाइट द्वारा एक नया वन हेल्थ दृष्टिकोण लॉन्च किया गया:
- खाद्य एवं कृषि संगठन (FAO)
- संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम (UNEP)
- विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO)
- विश्व पशु स्वास्थ्य संगठन (WOAH) **अत: विकल्प B सही है।**

**27.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- जेनिन शरणार्थी शिविर एक फिलिस्तीनी शरणार्थी शिविर है जो उत्तरी वेस्ट बैंक विशेष रूप से जेनिन शहर में स्थित है। वर्ष 1953 में स्थापित यह शिविर वर्ष 1948 के अरब इज़रायली युद्ध, जिसे नकबा के नाम से भी जाना जाता है, के दौरान विस्थापित हुए फिलिस्तीनी शरणार्थियों को समायोजित करने हेतु बनाया गया था। **अत: विकल्प A सही है।**

**नोट :**

28.

उत्तर: C

व्याख्या:

- ग्रीन फाइनेंसिंग थीम हरित हाइड्रोजन परियोजनाओं जैसे कि हरित बॉण्ड, कार्बन क्रेडिट, सब्सिडी आदि के वित्तपोषण के विभिन्न स्रोतों और तंत्रों का पता लगाएगी। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह सम्मेलन इलेक्ट्रोलिसिस, थर्मोकेमिकल, बायोलॉजिकल और फोटोकैटलिसिस जैसी हरित हाइड्रोजन प्रौद्योगिकी को बढ़ावा दे रहा है। **अत: कथन 2 सही है।**
- हरित हाइड्रोजन को संपीड़न, द्रवीकरण और धातु हाइड्राइड जैसे विभिन्न तरीकों का उपयोग करके संग्रहीत और परिवहन किया जा सकता है। **अत: कथन 3 सही है।**

29.

उत्तर: B

व्याख्या:

**NICNET सेवाएँ**

- NICNET एक उपग्रह-आधारित राष्ट्रव्यापी कंप्यूटर-संचार नेटवर्क है, जो एक प्रकार का वाइड एरिया नेटवर्क (WAN) है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसका संचालन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) द्वारा किया जाता है, जो MeitY का एक हिस्सा है।
- NICNET का केंद्र सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों, राज्य सरकारों, केंद्रशासित प्रदेशों और देश के ज़िला प्रशासनों के साथ संस्थागत संबंध है।
- यह उत्तर-पूर्व क्षेत्र के दूरदराज़ के इलाकों में नेटवर्क कवरेज को मज़बूत करने के लिये सूचना और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र की एक योजना नहीं है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

30.

उत्तर: C

व्याख्या:

**क्वासर:**

- क्वासर, अविश्वसनीय रूप से चमकीली वस्तुएँ हैं, जिन्होंने अध्ययन की अवधि में "घड़ी" के रूप में कार्य किया। वे अत्यधिक विशाल ब्लैक होल हैं, जो आकाशगंगाओं के केंद्र में स्थित हैं तथा सूर्य से लाखों-करोड़ों गुना विशाल हैं।
- ये ब्लैक होल मज़बूत गुरुत्वाकर्षण बलों के माध्यम से पदार्थ को अपनी ओर आकर्षित करते हैं, जबकि वे पदार्थ की एक चमकदार डिस्क से घिरे होने के साथ शक्तिशाली विकिरण और उच्च-ऊर्जा कण जेट (विकिरण) उत्सर्जित करते है।

31.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (ICAR) के तहत आने वाली संस्था केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान (CRIDA) भारत के लिये अपने तरह के पहले "किसान संकट सूचकांक" नामक एक प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली विकसित कर रहा है। **अत: कथन-I सही है।**
  - एकत्र किये गए डेटा और प्रतिक्रियाओं के आधार पर सूचकांक संकट के स्तर को इंगित करने के लिये 0 और 1 के बीच एक मान निर्दिष्ट करेगा।
    - 0 से 0.5: कम संकट

नोट :

- 0.5 से 0.7: मध्यम संकट
- 0.7 से ऊपर: गंभीर संकट
- यदि संकट का स्तर गंभीर है, तो सूचकांक सात संकेतकों में से किसानों के संकट में सबसे अधिक योगदान देने वाले विशिष्ट घटक की पहचान करता है। अत: कथन-II सही नहीं है।

**32.**

**उत्तर A**

**व्याख्या:**

- जब विकृत (Twisted)' चुंबकीय क्षेत्रों (अधिकतर सूर्य के ऊपर) में फँसी ऊर्जा अप्रत्याशित रूप से जारी होती है, तो यह सूर्य पर एक बड़े विस्फोट का कारण बनती है जिसे सौर प्रज्वाल के रूप में जाना जाता है।**अत: कथन 1 सही है।**
- इन्हें सूर्य पर चमकीले क्षेत्रों के रूप में देखा जाता है और ये मिनटों से लेकर घंटों तक उस स्थान पर विद्यमान रह सकते हैं।
- कुछ ही मिनटों में वे सामग्री को कई लाख डिग्री तक गर्म कर देते हैं और रेडियो तरंगों से लेकर एक्स-रे और गामा रे सहित विद्युत चुंबकीय स्पेक्ट्रम में विकिरण विस्फोट करते हैं।
- ये रेडियो संचार, पावर ग्रिड और नेविगेशन सिग्नल को प्रभावित कर सकते हैं तथा अंतरिक्ष यात्रियों एवं अंतरिक्ष यान को खतरे में डाल सकते हैं।
- सौर प्रज्वाल कोरोनल मास इजेक्शन्स (CMEs) से भिन्न हैं, जिन्हें कभी सोलर फ्लेयर्स द्वारा प्रारंभ माना जाता था।
- CME चुंबकीय क्षेत्र रेखाओं से जुड़े गैस के विशाल बुलबुले हैं जो कई घंटों के दौरान सूर्य से निकलते रहते हैं। हालाँकि कुछ में प्रज्वाल भी होते हैं, लेकिन अब यह ज्ञात हो गया है कि अधिकांश CME स्वतंत्र रूप से घटित होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**33.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र अभिसमय (UNCRC):
  - यह वर्ष 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अपनाई गई एक संधि है।
  - यह 18 वर्ष से कम उम्र के प्रत्येक इंसान को एक बच्चे के रूप में मान्यता प्रदान करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- भारत ने वर्ष 1992 में UNCRC की पुष्टि की तथा घरेलू कानूनों, नीतियों और कार्यक्रमों के माध्यम से इसके सिद्धांतों एवं प्रावधानों को लागू करने के लिये प्रतिबद्ध किया है। अत: कथन 2 सही नहीं है।

**34.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या:**

- भारतीय नौसेना तथा अमेरिकी नौसेना (IN-USN) का बचाव और विस्फोटक आयुध निपटान (EOD) अभ्यास- साल्वेक्स का 7वाँ संस्करण हाल ही में कोच्चि में आयोजित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- SALVEX अभ्यास में भाग लेने वालों में भारतीय नौसेना और अमेरिकी नौसेना हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- कोप इंडिया अभ्यास एक द्विपक्षीय संयुक्त प्रशिक्षण सत्र है जिसमें भारतीय वायु सेना (IAF) और अमेरिकी वायु सेना (USAF) शामिल हैं। कोप इंडिया की शुरुआत वर्ष 2004 में एक लड़ाकू-प्रशिक्षण अभ्यास के रूप में हुई थी। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**35.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व भारत के ओडिशा राज्य में स्थित है। ओडिशा सरकार ने सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व में 2,700 कि.मी. 2 आरक्षित क्षेत्र की सुरक्षा के लिये सशस्त्र पुलिस कर्मियों को तैनात किया है, यहाँ अद्वितीय मेलानिस्टिक बाघ पाए जाते है। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- सिमलिपाल टाइगर रिज़र्व को औपचारिक रूप से वर्ष 1956 में एक बाघ अभयारण्य नामित किया गया था और वर्ष 1973 में प्रोजेक्ट टाइगर के तहत शामिल किया गया था। **अत: कथन 2 सही है।**
- भारत सरकार द्वारा इसे जून, 1994 में बायोस्फीयर रिज़र्व घोषित किया गया था। यह वर्ष 2009 से बायोस्फीयर रिज़र्व के यूनेस्को विश्व नेटवर्क का हिस्सा है। **अत: कथन 3 सही है।**

**36.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**संसद सदस्य की सदस्यता समाप्ति:**

- चुनाव आचरण नियम, 1961 भारत में जन प्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1951 के तहत स्थापित नियमों का एक समूह है। इनमें देश में चुनावों के संचालन को नियंत्रित करते हैं और प्रत्याशीर्ंं, राजनीतिक दलों, चुनाव अधिकारियों तथा मतदाताओं द्वारा पालन किये जाने वाले दिशा-निर्देश तथा प्रक्रियाओं का वर्णन है।
- इन नियमों में चुनावी प्रक्रिया के विभिन्न पहलु शामिल हैं, जिनमें नामांकन पत्र दाखिल करना, नामांकन की जाँच, चुनाव अभियान नियम, मतदान प्रक्रियाएँ, वोटों की गणना और चुनाव विवाद समाधान शामिल हैं।

**जन प्रतिनिधित्त्व अधिनियम, 1951 के तहत भ्रष्ट आचरण:**

- अधिनियम की धारा 123:
  - RPA अधिनियम की धारा 123 के अनुसार, "भ्रष्ट आचरण" वह है जिसमें एक प्रत्याशी चुनाव जीतने की अपनी संभावनाओं को बेहतर बनाने के लिये कुछ इस प्रकार की गतिविधियों में शामिल हो जाते हैं, जिसके अंतर्गत रिश्वत, अनुचित प्रभाव, झूठी जानकारी, और धर्म, नस्ल, जाति, समुदाय या भाषा के आधार पर भारतीय नागरिकों के विभिन्न वर्गों के बीच घृणा, "दुश्मनी की भावनाओं को बढ़ावा देना अथवा ऐसा प्रयास करना शामिल है।" **अत: कथन 1 सही है।**
- धारा 123(4):
  - यह चुनाव परिणामों को प्रभावित करने वाली भ्रामक जानकारी के प्रकाशन पर प्रतिबंध लगाने हेतु "भ्रष्ट आचरण" की परिभाषा को और व्यापक बनाता है।
  - इस अधिनियम के प्रावधानों के तहत एक निर्वाचित प्रतिनिधि को कुछ अपराधों हेतु जैसे- भ्रष्ट आचरण के आधार पर, चुनाव खर्च घोषित करने में विफल रहने पर और सरकारी अनुबंधों या कार्यों में संलग्न होने का दोषी ठहराए जाने पर अयोग्य घोषित किया जा सकता है।

**RPA, 1951 के अंतर्गत सांसद की अयोग्यता के प्रावधान:**

- वह निदेशक या प्रबंध एजेंट नहीं होना चाहिये और न ही उसे किसी ऐसे निगम में लाभ का पद धारण करना चाहिये जिसमें सरकार की कम से कम 25% हिस्सेदारी हो। **अत: कथन 2 सही है।**

**37.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

- मुंबई में TECC के साथ ताइवान ने भारत में उपस्थिति का विस्तार किया
- हाल ही में, ताइवान ने भारत में, विशेष रूप से मुंबई में, अपना तीसरा प्रतिनिधि ताइपे आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र (Taipei Economic and Cultural Centre TECC) खोलने की योजना की घोषणा की है। अत: कथन 2 सही है।
  - इस कदम, जिसमें TECC की स्थापना शामिल है, का उद्देश्य ताइवान और भारत के बीच आर्थिक संबंधों को बढ़ाना और द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करना है।
  - TECC की स्थापना वर्ष 1995 में दक्षिण एशिया में पहली TECC के रूप में नई दिल्ली, भारत में की गई थी। ताइवान ने बाद में वर्ष 2012 में चेन्नई में एक और TECC खोला।

नोट :




**ताइवान के साथ भारत के संबंध:**

- राजनयिक संबंध:
  - भारत और ताइवान के बीच औपचारिक राजनयिक संबंध नहीं हैं लेकिन वर्ष 1995 से दोनों पक्षों ने एक-दूसरे की राजधानियों में प्रतिनिधि कार्यालय को स्थापित किया हैं जो वास्तविक दूतावासों के रूप में कार्य करते हैं। भारत ने "वन चाइना पॉलिसी" का समर्थन किया है। **अत: कथन 1 सही है।**
- आर्थिक संबंध:
  - वर्ष 2019 में व्यापार संबंध 7.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया, जो वर्ष 2000 में 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर के आसपास था।
  - वर्ष 2018 में भारत और ताइवान ने द्विपक्षीय निवेश समझौते पर हस्ताक्षर किये।
  - भारत में इलेक्ट्रॉनिक्स, निर्माण, पेट्रोकेमिकल्स, मशीन, सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी तथा ऑटो पार्ट्स के क्षेत्र में लगभग 200 ताइवानी कंपनियाँ कार्यरत हैं।
  - ताइवान भारत में सेमीकंडक्टर विनिर्माण केंद्र बनाने पर सहयोग प्रदान करेगा।
- सांस्कृतिक संबंध:
  - वर्ष 2010 में उच्च शिक्षा में पारस्परिक डिग्री मान्यता समझौते पर हस्ताक्षर किये जाने के बाद दोनों पक्षों ने शैक्षिक आदान-प्रदान का भी विस्तार किया है।

**38.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

कार्यकारी मजिस्ट्रेट:

- CRPC, मजिस्ट्रेट को 2 प्रकारों में वर्गीकृत करता है- कार्यकारी मजिस्ट्रेट और न्यायिक मजिस्ट्रेट। CRPC की धारा 3(4) दोनों के बीच बेहतर संबंधों को लागू करती है।
- एक कार्यकारी मजिस्ट्रेट (EM), कार्यकारी शाखा का एक अधिकारी होता है जिसके पास भारतीय दंड संहिता (IPC) और आपराधिक प्रक्रिया संहिता (CRPC) दोनों केअंतर्गत शक्तियाँ होती हैं। **अत: कथन 1 सही है।**

नोट :

- EM की नियुक्ति राज्य सरकारों द्वारा की जाती है, और वे मुख्य रूप से कानून तथा व्यवस्था बनाए रखने एवं पुलिस और प्रशासनिक कार्य करने पर ध्यान केंद्रित करते हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- दूसरी ओर, न्यायिक मजिस्ट्रेट सज़ा/जुर्माना/हिरासत का फैसला सुनाते हैं और जाँच की प्रक्रिया में साक्ष्यों की जाँच करते हैं।
- साथ ही, न्यायिक मजिस्ट्रेट उच्च न्यायालयों के सीधे नियंत्रण में होते हैं।
  - EM कभी-कभी न्यायालयों के रूप में कार्य करते हैं जब वे शांति और व्यवस्था बनाए रखने (CRPC धारा.107) के संबंध में जाँच (CRPC धारा.116) करते समय न्यायिक प्रकृति के अनुरूप कार्य करते हैं। **अतः कथन 3 सही है।**

**39.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सिंधु जल संधि:**

- परिचय:
  - भारत और पाकिस्तान ने नौ वर्षों की बातचीत के बाद सितंबर 1960 में IWT (जल साझाकरण संधि) पर हस्ताक्षर किये, जिसमें विश्व बैंक भी इस संधि का हस्ताक्षरकर्त्ता था।
  - यह संधि सिंधु नदी और उसकी पाँच सहायक नदियों सतलज, ब्यास, रावी, झेलम और चिनाब के जल के उपयोग पर दोनों पक्षों के बीच सहयोग तथा सूचना के आदान-प्रदान के लिये एक तंत्र निर्धारित करती है।
  - इस संधि का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार जल संसाधनों के सहयोग तथा शांतिपूर्ण प्रबंधन को बढ़ावा देना है।
- नदियों का आवंटन:
  - इस संधि के तहत, तीन पूर्वी नदियों (रावी, ब्यास और सतलज) को अप्रतिबंधित उपयोग के लिये भारत को आवंटित किया गया है। **अतः कथन 1 सही नहीं है।**
  - पाकिस्तान के अप्रतिबंधित उपयोग के लिये तीन पश्चिमी नदियाँ (सिंधु, झेलम और चिनाब) आवंटित की गई हैं। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
  - भारत के पास घरेलू, गैर-उपभोग्य और कृषि उद्देश्यों के लिये पश्चिमी नदियों के सीमित उपयोग की अनुमति है। **अतः कथन 3 सही है।**

**40.**

**उत्तर : B**

**व्याख्या :**

**विश्व चुनाव निकायों का संघ (A-वेब)**

- एसोसिएशन ऑफ वर्ल्ड इलेक्शन बॉडीज (A-वेब) दुनिया भर में चुनाव प्रबंधन निकायों (EMB) का सबसे बड़ा संघ है।
- इसकी स्थापना 14 अक्टूबर 2013 को दक्षिण कोरिया में हुई थी।
- A-WEB का स्थायी सचिवालय सियोल, दक्षिण कोरिया में स्थित है। **अतः कथन b सही नहीं है।**
- इसकी स्थापना दुनिया भर में स्थायी लोकतंत्र प्राप्त करने के अपने सदस्यों के बीच साझा दृष्टिकोण के साथ की गई थी।
- A-वेब विभिन्न चुनाव प्रबंधन प्रथाओं का अध्ययन करने और EMB के अन्य सदस्यों के साथ ज्ञान साझा करने के लिये विभिन्न देशों में चुनाव आगंतुक और अवलोकन कार्यक्रम भी चलाता है।

**41.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**सोलोमन द्वीप और चीन के बीच संबंधों में मज़बूती**

- सोलोमन द्वीप और चीन ने पुलिस व्यवस्था, आर्थिक और तकनीकी सहयोग पर समझौतों के माध्यम से अपने संबंधों को मज़बूती प्रदान करने

नोट :

का निर्णय लिया है। यह निर्णय सोलोमन द्वीप समूह द्वारा वर्ष 2019 में अपनी राजनयिक संबद्धता को ताइवान से चीन में बदलने के फैसले के बाद आया है। चीन का लक्ष्य दक्षिण प्रशांत महासागर क्षेत्र में आर्थिक तथा भू-राजनीतिक हितों को बढ़ावा देने वाले बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव जैसी पहल के माध्यम से संबंधों एवं व्यापार का और विस्तार करना है। चीन तथा सोलोमन द्वीप के बीच बढ़ते रिश्ते क्षेत्रीय गतिशीलता को उजागर करते हैं और इसका विश्व राजनीति पर प्रभाव पड़ता है।

- सोलोमन द्वीप, पापुआ न्यू गिनी के पूर्व में ओशिनिया में स्थित एक मेलानेशियन राष्ट्र है, जिसमें 990 से अधिक द्वीप हैं। इसकी राजधानी गुआडलकैनाल स्थित होनियारा है एवं इस क्षेत्र में 30,000 वर्षों का मेलानेशियन का समृद्ध इतिहास है। **अतः विकल्प A सही है।**

**43.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण:**

- कानूनी समर्थन:
  - भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (Telecom Regulatory Authority of India- TRAI) की स्थापना 20 फरवरी, 1997 को भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण अधिनियम, 1997 द्वारा की गई थी।
  - TRAI का मिशन देश में दूरसंचार के विकास के लिये अनुकूल परिस्थितियों का निर्माण करना एवं इसे बेहतर बनाना है।
  - TRAI दूरसंचार सेवाओं के लिये टैरिफ के निर्धारण/संशोधन सहित दूरसंचार सेवाओं को नियंत्रित करता है जो पहले केंद्र सरकार के क्षेत्राधिकार में आता था। **अतः कथन 1 सही है।**
  - इसका उद्देश्य एक स्वच्छ और पारदर्शी वातावरण प्रदान करना है जिससे कंपनियों के मध्य निष्पक्ष और स्वस्थ प्रतिस्पर्द्धा हो सके।
- मुख्यालय:
  - TRAI का मुख्यालय नई दिल्ली में स्थित है।
- TRAI की संरचना:
  - सदस्य: ट्राई में एक अध्यक्ष, दो पूर्णकालिक सदस्य और दो अंशकालिक सदस्य होते हैं, जिनकी नियुक्ति भारत सरकार द्वारा की जाती है।
  - ट्राई की सिफारिशें केंद्र सरकार के लिये बाध्यकारी नहीं हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
  - सदस्यों का कार्यकाल: अध्यक्ष और अन्य सदस्य तीन वर्ष की अवधि या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो, पद पर बने रहेंगे।

**44.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**वन अधिकार अधिनियम, 2006:**

- यह अधिनियम वनों में रहने वाली अनुसूचित जनजातियों (FDST) और अन्य पारंपरिक वन निवासियों (OTFD) को वन अधिकारों और वन भूमि पर अधिकार को मान्यता देता है तथा उन्हें अधिकार देता है जो पीढ़ियों से ऐसे वनों में रह रहे हैं।
- वन अधिकारों का दावा किसी भी सदस्य या समुदाय द्वारा किया जा सकता है जो 13 दिसंबर, 2005 से पहले कम से कम तीन पीढ़ियों (75 वर्ष) से मुख्य रूप से वास्तविक आजीविका की आवश्यकताओं के लिये वन भूमि में रहता हो।
- यह FDST और OTFD की आजीविका और खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए वनों की संरक्षण व्यवस्था को मज़बूत करता है।
- ग्राम सभा व्यक्तिगत वन अधिकार (IFR) या सामुदायिक वन अधिकार (CFR) या FDST और OTFD को दिये जाने वाले दोनों की प्रकृति तथा सीमा निर्धारित करने की प्रक्रिया शुरू करने का अधिकार है। **अतः कथन 1 सही है।**
- यह अधिनियम चार प्रकार के अधिकारों की पहचान करता है:

- स्वामित्त्व अधिकार: यह FDST और OTFD को अधिकतम 4 हेक्टेयर भू-क्षेत्र पर आदिवासियों या वनवासियों द्वारा खेती की जाने वाली भूमि पर स्वामित्व का अधिकार देता है। यह स्वामित्व केवल उस भूमि के लिये है जिस पर वास्तव में संबंधित परिवार द्वारा खेती की जा रही है, इसके अलावा कोई और नई भूमि प्रदान नहीं की जाएगी। **अतः कथन 2 सही नहीं है।**
- उपयोग करने का अधिकार: वन निवासियों के अधिकारों का विस्तार लघु वनोत्पाद, चराई क्षेत्रों आदि तक है। **अतः कथन 3 सही है।**
- राहत और विकास से संबंधित अधिकार: वन संरक्षण के लिये प्रतिबंधों के अधीन अवैध बेदखली या जबरन विस्थापन और बुनियादी सुविधाओं के मामले में पुनर्वास का अधिकार शामिल है।
- वन प्रबंधन अधिकार: इसमें किसी भी सामुदायिक वन संसाधन की रक्षा, पुनः उत्थान या संरक्षण या प्रबंधन का अधिकार शामिल है, जिसे वन निवासियों द्वारा स्थायी उपयोग के लिये पारंपरिक रूप से संरक्षित एवं सुरक्षित किया जाता है।

**45.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**ग्लोबल साउथ**

- ग्लोबल साउथ से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित के रूप में जाना जाता है, ये मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लैटिन अमेरिका में स्थित हैं। **अतः कथन 1 सही है।**
- आमतौर पर ग्लोबल नॉर्थ के धनी देशों की तुलना में इन देशों में उच्च स्तर की गरीबी, आय असमानता और जीवन स्थितियाँ चुनौतीपूर्ण हैं। **अतः कथन 2 सही है।**
- "ग्लोबल नॉर्थ" अधिक समृद्ध राष्ट्र हैं जो ज़्यादातर उत्तरी अमेरिका और यूरोप में स्थित हैं, इनमें ओशिनिया तथा अन्य जगहों पर कुछ नए देश भी शामिल हैं।

**46.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- FL 2027 फ्रिटो-ले कृषि अनुसंधान में रॉबर्ट डब्ल्यू हूप्स द्वारा विकसित आलू की एक किस्म है। इसे विशेष रूप से पेप्सिको के लेज़ ब्रांड द्वारा चिप्स उत्पादन के लिये तैयार किया गया है।
- FL 2027 उच्च शुष्कता, कम सुगर और कम नमी सामग्री के कारण चिप्स बनाने के लिये आलू की एक आदर्श किस्म है।
- PPVFRA ने पेप्सिको इंडिया होल्डिंग्स को 1 फरवरी, 2016 को "मौजूदा किस्म" के रूप में FL 2027 के लिये पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान किया था। **अतः विकल्प A सही है।**

**47.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**भारत में प्रशामक देखभाल की स्थिति:**

- परिचय:
  - प्रशामक देखभाल को WHO द्वारा स्वास्थ्य के मानव अधिकार के तहत स्पष्ट रूप से मान्यता दी गई है तथा यह एक प्रकार की चिकित्सा देखभाल है जो गंभीर रोगों वाले लोगों के लिये जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने पर केंद्रित है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्थिति:
  - भारत में प्रशामक देखभाल मुख्य रूप से नगरीय क्षेत्रों तथा तृतीयक स्वास्थ्य सुविधाओं पर उपलब्ध है। भारत में अनुमानित 7-10 मिलियन लोगों में से केवल 1-2% लोगों, जिन्हें प्रशामक देखभाल की आवश्यकता है, तक इसकी पहुँच है।

- भारत में प्रशामक देखभाल कार्यक्रम:
  - हालाँकि राष्ट्रीय प्रशामक देखभाल कार्यक्रम के कार्यान्वयन के लिये कोई अलग बजट आवंटित नहीं किया गया है लेकिन प्रशामक देखभाल राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के 'मिशन फ्लेक्सीपूल (Mission Flexipool)' का हिस्सा है। **अत: कथन 2 और कथन 3 दोनों सही हैं।**
  - कैंसर, मधुमेह, हृदय रोग तथा स्ट्रोक की रोकथाम और नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NPCDCS) जिसे वर्ष 2010 में शुरू किया गया था तथा बाद में गैर-संचारी रोगों की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिये राष्ट्रीय कार्यक्रम (NP-NCD) के रूप में संशोधित किया गया, का उद्देश्य बढ़ते रोगों को संबोधित करना भी है। भारत में गैर-संचारी रोगों का भार, स्वास्थ्य देखभाल के सभी स्तरों पर प्रोत्साहन, निवारक और उपचारात्मक देखभाल प्रदान करना है।

**48.**

**उत्तर: B**

**व्याख्या:**

**बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन:**

- परिचय:
  - बैटरी चालित इलेक्ट्रिक वाहन (BEV) एक प्रकार के इलेक्ट्रिक वाहन हैं जो पूरी तरह से उच्च क्षमता वाली बैटरी में संग्रहीत विद्युत शक्ति पर चलते हैं।
  - आंतरिक दहन इंजन नहीं होने के कारण ये शून्य टेलपाइप उत्सर्जन उत्पन्न करते हैं। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
  - BEV के पहियों को चलाने के लिये इलेक्ट्रिक मोटर का उपयोग किया जाता है, जो तत्काल आघूर्ण बल (Torque) और गति प्रदान करते हैं।
- बैटरी प्रौद्योगिकी:
  - BEV उन्नत बैटरी तकनीक, मुख्य रूप से लिथियम-आयन (Li- Ion) बैटरी पर निर्भर करती है। **अत: कथन 2 सही है।**
  - ली-आयन बैटरियों में ऊर्जा घनत्व उच्च होता है, इससे लंबी दूरी तय की जा सकती है और इसका प्रदर्शन बेहतर होता है।
  - हाइब्रिड व्यापक चार्जिंग अवसंरचना की आवश्यकता के बिना बेहतर ईंधन दक्षता प्रदान करते हैं।
  - वे 'ऑल-इलेक्ट्रिक' वाहनों की दिशा में एक मध्यवर्ती कदम के रूप में काम कर सकते हैं और बैटरी पारिस्थितिकी तंत्र स्थापित करने में सहायता कर सकते हैं।
  - हाइड्रोजन ICE वाहन ICE में ईंधन के रूप में हाइड्रोजन का उपयोग करते हैं जो BEV के लिये एक सरल और सस्ता विकल्प प्रदान करता है। **अत: कथन 3 सही है।**

**49.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- समर्थ कपड़ा मंत्रालय का एक मांग-संचालित और प्लेसमेंट-उन्मुख अम्ब्रेला कौशल कार्यक्रम है, जिसे कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा अपनाई गई व्यापक कौशल नीति ढाँचे केअंर्तगत तैयार किया गया है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- समर्थ 28 राज्यों एवं 6 केंद्रशासित प्रदेशों को कवर करता है, जो महिलाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए SC, ST और हाशिये पर मौजूद श्रेणियों सहित समाज के विभिन्न वर्गों को लाभान्वित करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

**50.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

- पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत में 'वन आवरण' को "सभी भूमि के एक हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 10% से अधिक वृक्ष आवरण घनत्त्व" के रूप में परिभाषित करता है, साथ ही वे वन जो एक हेक्टेयर के न्यूनतम मानचित्रण योग्य क्षेत्र से कम हैं। वन क्षेत्र आवरण में शामिल नहीं हैं और 'वृक्ष आवरण' के "बाहर दर्ज किये गए वृक्ष पैच" के रूप में परिभाषित करता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**

नोट :

- भारत वन स्थिति, 2021 के अनुसार भारत में कुल वन और वृक्ष आवरण देश के भौगोलिक क्षेत्र का 24.62% है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
  - क्षेत्रफल की दृष्टि से मध्य प्रदेश में देश का सबसे बड़ा वन क्षेत्र है, इसके बाद अरुणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा और महाराष्ट्र का स्थान है।
  - कुल भौगोलिक क्षेत्र के प्रतिशत के रूप में वन आवरण के संदर्भ में शीर्ष पाँच राज्य मिज़ोरम (84.53%), अरुणाचल प्रदेश (79.33%), मेघालय (76.00%), मणिपुर (74.34%) और नगालैंड (73.90%) हैं। **अत: कथन 3 सही है।**

**51.**

**उत्तर : A**

**व्याख्या:**

- PMLA को धन शोधन के खतरे से निपटने के लिये भारत की वैश्विक प्रतिबद्धता (वियना अभिसमय) के जवाब में अधिनियमित किया गया था। **अत: कथन 1 सही है।**
- इस अधिनियम के प्रावधान सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों (RBI सहित), म्यूचुअल फंड, बीमा कंपनियों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**
- प्रवर्तन निदेशालय (ED) PMLA के प्रावधानों को लागू करने और धन शोधन मामलों की जाँच के लिये ज़िम्मेदार है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**52.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- पेरू ने GBS और कोविड-19 के बीच संभावित संबंध के विषय में चिंता व्यक्त करते हुए गुइलेन बैरे सिंड्रोम (GBS) के मामलों में हाल ही में हुई वृद्धि को देखते हुए 90 दिनों के राष्ट्रीय स्वास्थ्य आपातकाल की घोषणा की है।
  - विशेष रूप से पेरू ने वर्ष 2019 में भी GBS के बड़े प्रकोप का अनुभव किया, एक विशिष्ट अवधि के दौरान 683 संदिग्ध या पुष्ट मामले सामने आए।
- GBS का सटीक कारण अज्ञात है, लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) के अनुसार, GBS प्राय: संक्रमण से पहले होता है। यह जीवाणु या विषाणु संक्रमण हो सकता है। यह प्रतिरक्षा प्रणाली को शरीर पर ही आक्रमण करने के लिये प्रेरित करता है। अत: कथन 1 और 2 सही हैं।

**53.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- लम्बानी कला, लम्बानी या बंजारा समुदाय द्वारा प्रचलित कपड़ा अलंकरण का एक रूप है, जो भारत के कई राज्यों विशेषकर कर्नाटक में रहने वाला एक खानाबदोश समूह है। **अत: कथन 1 सही है।**
- इसे एक टिकाऊ अभ्यास के रूप में मान्यता प्राप्त है जो रीसाइक्लिंग के साथ पुन: उपयोग के सिद्धांत पर काम करता है। **अत: कथन 2 सही है।**
- लम्बानी कढ़ाई तकनीक तथा सौंदर्यशास्त्र पूर्वी यूरोप, पश्चिम एशिया और मध्य एशिया में कपड़ा निर्माण की परंपराओं के साथ समानता रखते हैं, जो वैश्विक कपड़ा कला के अंतर्संबंध को प्रदर्शित करते हैं।
  - संदुर लम्बानी कढ़ाई, कर्नाटक के संदुर क्षेत्र की एक विशिष्ट प्रकार की लम्बानी कला को वर्ष 2010 में भौगोलिक संकेतक टैग प्रदान किया गया था। **अत: कथन 3 सही है।**

नोट :

54.

उत्तर: D

व्याख्या:

- सामाजिक और पर्यावरणीय समस्याओं के समाधान के लिये व्यावसायिक मॉडल का उपयोग करने की प्रथा को सामाजिक उद्यमिता कहा जाता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- सोशल ट्रेलब्लेज़र कार्यक्रम सामाजिक उद्यमों और उद्यमियों के विकास के लिये एक कार्यक्रम है, जो प्रारंभिक चरण के ग्रामीण, सामाजिक तथा सामूहिक उद्यमों का पोषण करता है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

55.

उत्तर: C

व्याख्या:

- भारतीय उपमहाद्वीप के भू-भाग से उठने वाली गर्म हवा दबाव प्रवणता बनाती है जो बंगाल की खाड़ी से नमी वाली हवाओं को खींचती है और मानसूनी वर्षा में योगदान करती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- बंगाल की खाड़ी निम्न-स्तरीय जेट स्ट्रीम के निर्माण और तीव्रता को भी प्रभावित करती है, जिसे सोमाली जेट के रूप में जाना जाता है।
- भारतीय उपमहाद्वीप को बड़े पैमाने पर इस जेट स्ट्रीम के कारण भूमध्यरेखीय हिंद महासागर से नमी प्राप्त होती है। **अत: कथन 2 सही है।**

56.

उत्तर; A

व्याख्या;

- एक "उपतट मेघ/शेल्फ क्लाउड" या "आर्कस क्लाउड" प्राय: गरज के साथ सबसे आगे बनता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- यह एक प्रकार का निचला, क्षैतिज मेघ निर्माण है जिसकी विशेषता ठोस मेघों की स्पष्ट रूप से परिभाषित रेखा होती है। **अत: कथन 2 सही है।**
- उपतट मेघ तब बनते हैं जब ठंडी और सघन हवा को हवा द्वारा गर्म वायु द्रव्यमान में धकेल दिया जाता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

57.

उत्तर; B

व्याख्या:

- जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन (GDPR) यूरोपीय संघ (EU) और यूरोपीय आर्थिक क्षेत्र (EEA) के क्षेत्राधिकार का एक कानूनी ढाँचा है जो डेटा सुरक्षा और गोपनीयता को नियंत्रित करता है। **अत: कथन 1 सही है।**
- GDPR का प्राथमिक उद्देश्य व्यक्तियों को उनके व्यक्तिगत डेटा पर नियंत्रण प्रदान करना और यूरोपीय संघ के भीतर विनियमन को एकीकृत करके अंतर्राष्ट्रीय व्यापार के लिये नियामक वातावरण को सरल बनाना है। **अत: कथन 2 सही है।**
- यह एक विनियमन है, ना कि निर्देश है, इसलिये यह प्रत्यक्ष रूप से बाध्यकारी है और यूरोपीय संघ के प्रत्येक सदस्य देश पर लागू होता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

58.

उत्तर: D

व्याख्या:

- उपासना स्थल अधिनियम, 1991 सभी धार्मिक समुदायों तथा उनके उपासना स्थलों पर लागू होता है। अत: कथन 1 सही है।
- उपासना स्थल अधिनियम 15 अगस्त, 1947 को मौजूद धार्मिक स्थलों की स्थिति को स्थिर करने के लिये अधिनियमित किया गया था तथा किसी भी उपासना स्थल के रूपांतरण पर रोक लगाता है और उनके धार्मिक स्वरूप के रख-रखाव को सुनिश्चित करता है। **अत: कथन 2 सही है।**

नोट :

- धार्मिक स्वरूप का रखरखाव [धारा 4(1)]:
  - यह सुनिश्चित करता है कि उपासना स्थल की धार्मिक प्रकृति वही बनी रहे जो 15 अगस्त, 1947 को थी। अत: कथन 3 सही है।

**59.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

- सागर संपर्क एक स्वदेशी डिफरेंशियल ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (DGNSS) है। **अत: कथन-I सही है।**
- DGNSS एक स्थल आधारित संवर्द्धन प्रणाली है जो ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (GNSS) में त्रुटियों को ठीक करती है जिससे अधिक सटीक स्थिति की जानकारी मिलती है।
- DGNSS प्रणाली की शुरूआत से समुद्री नेविगेशन पर गहरा प्रभाव पड़ेगा, जिससे बंदरगाह और बंदरगाह क्षेत्रों में जहाज़ों की सुरक्षित और कुशल आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।
  - मेरिनर्स अब 5 मीटर के भीतर अपनी स्थिति में सुधार कर सकते हैं। **अत: कथन-II सही नहीं है।**

**60.**

**उत्तर: D**

**व्याख्या:**

- QCO 'पीने योग्य पानी की बोतलों' के लिये ताँबे, स्टेनलेस स्टील या एल्युमीनियम से निर्मित पानी की बोतलों के उत्पादन और आयात के लिये उपयुक्त आईएस मानक के तहत प्रमाणीकरण को अनिवार्य करता है।
- QCO 'लौ उत्पन्न करने वाले लाइटर' के लिये भारत के घरेलू बाज़ार में निर्मित या आयातित लौ लाइटर में 'लाइटर के लिये सुरक्षा विशिष्टता' और 'यूटिलिटी लाइटर के लिये सुरक्षा विशिष्टता' के आईएस मानकों के तहत अनिवार्य प्रमाणीकरण को अनिवार्य करता है। **अत: विकल्प (D) सही है।**

**61.**

**उत्तर: A**

**व्याख्या:**

**चुनावी बॉण्ड:**

- चुनावी बॉण्ड एक ऐसा साधन है जिसके माध्यम से कोई भी भारत में राजनीतिक दलों को धन दान कर सकता है।
- इन्हें केवल भारतीय स्टेट बैंक की अधिकृत शाखाओं से खरीदा जा सकता है और ये जारी होने की तारीख से 15 दिनों के लिये वैध होते हैं और उस अवधि के भीतर राजनीतिक दलों द्वारा इन्हें भुनाया जा सकता है। **अत: कथन 1 सही नहीं है।**
- केवल पंजीकृत राजनीतिक दल जिन्होंने पिछले आम चुनाव में कम-से-कम 1% मत हासिल किये हैं, वे ही चुनावी बॉण्ड हासिल करने के पात्र हैं। **अत: कथन 2 सही है।**
- चुनावी बॉण्ड नकद नहीं बल्कि चेक या डिजिटल माध्यम से ही खरीदा जा सकता है। **अत: कथन 3 सही नहीं है।**

**62.**

**उत्तर: C**

**व्याख्या:**

**फॉस्फीन ($PH_3$):**

- यह एक फॉस्फोरस परमाणु है जिसमें तीन हाइड्रोजन परमाणु जुड़े होते हैं और यह अत्यधिक विषैली होती है। **अत: कथन 1 सही है।**
- फॉस्फीन का उत्पादन जैविक और गैर-जैविक दोनों प्रक्रियाओं से किया जा सकता है। शुक्र और पृथ्वी के वायुमंडल में फॉस्फीन का पता चला है। **अत: कथन 2 सही नहीं है।**

नोट :

- प्रथम विश्व युद्ध के दौरान एक रासायनिक हथियार के रूप में उपयोग किया गया था और फॉस्फीन अभी भी एक कृषि धूम्रक के रूप में उत्पादित किया जाता है, अर्द्धचालक उद्योग में इसका उपयोग किया जाता है और मेथ प्रयोगशालाओं का उपोत्पाद के रूप में प्राप्त किया जाता है। **अतः कथन 3 और 4 सही हैं।**

**63.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

**यमुना नदी**

- परिचय: यमुना नदी उत्तर भारत में गंगा की प्रमुख सहायक नदियों में से एक है।
  - यह विश्व के व्यापक जलोढ़ मैदानों में से एक यमुना-गंगा मैदान का एक अभिन्न भाग है। **अतः कथन 1 सही है।**
- स्रोत: इसका स्रोत निचली हिमालय पर्वतमाला में बंदरपूँछ शिखर के दक्षिण-पश्चिमी किनारों पर 6,387 मीटर की ऊँचाई पर यमुनोत्री ग्लेशियर में स्थित है।
- बेसिन: यह उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से प्रवाहित होते हुए उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संगम (जहाँ कुंभ मेला आयोजित होता है) स्थल पर गंगा में मिल जाती है। **अतः कथन 2 और 3 सही हैं।**
- महत्त्वपूर्ण बाँध: लखवार-व्यासी बाँध (उत्तराखंड), ताजेवाला बैराज बाँध (हरियाणा) आदि।
- महत्वपूर्ण सहायक नदियाँ: चंबल, सिंध, बेतवा और केन।
  - घाघरा, यमुना नदी की नहीं, बल्कि गंगा नदी की सहायक नदी है। **अतः कथन 4 सही नहीं है।**

**64.**

**उत्तर:** C

**व्याख्या:**

- इंडिया मोबाइल कॉन्ग्रेस (IMC) 2023, एक प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है जो मोबाइल और डिजिटल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में नवीनतम प्रगति और नवाचारों को प्रदर्शित करता है। यह उद्योग के अभिकर्ताओं, नीति निर्माताओं, प्रौद्योगिकी उत्साही और हितधारकों के लिये एक साथ आने और डिजिटल परिदृश्य के भविष्य पर चर्चा करने के लिये एक मंच के रूप में कार्य करता है। **अतः कथन 1 सही है।**
- IMC 2023 का विषय "ग्लोबल डिजिटल इनोवेशन" है, जिसका उद्देश्य भारत को एक अग्रणी प्रौद्योगिकी डेवलपर, दूरसंचार निर्माता और निर्यातक के रूप में स्थापित करना है। **अतः कथन 2 सही है।**

**65.**

**उत्तर:** D

**व्याख्या:**

- सियाचिन ग्लेशियर हिमालय में पूर्वी काराकोरम रेंज में स्थित है, जो प्वाइंट NJ9842 के उत्तर-पूर्व में है, यहाँ भारत और पाकिस्तान के बीच नियंत्रण रेखा समाप्त होती है। **अतः कथन 1 सही है।**
- NJ9842 भारत और पाकिस्तान के बीच ज्ञात सीमा क्षेत्र है लेकिन 5Q 131 05 084 के बारे में कम लोग जानते हैं। यह भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (GSI) द्वारा सियाचिन ग्लेशियर के लिये निर्धारित नंबर हैं और यह वर्ष 1984 से ही दोनों देशों के बीच एक विवादित क्षेत्र है।
  - NJ 9842 नामक बिंदु वर्ष 1949 के कराची युद्धविराम समझौते के अनुसार भारत और पाकिस्तान के बीच अंतिम पारस्परिक रूप से सीमांकित बिंदु है और यह वह बिंदु भी है जहाँ शिमला समझौते के अनुसार नियंत्रण रेखा (Line of Control) समाप्त होती है। **अतः कथन 2 सही है।**
- सियाचिन ग्लेशियर उस जल निकासी विभाजन क्षेत्र के दक्षिण में स्थित है, जो काराकोरम के व्यापक हिमाच्छादित हिस्से में यूरेशियन प्लेट को भारतीय उपमहाद्वीप से अलग करता है, जिसे कभी-कभी 'तीसरा ध्रुव' भी कहा जाता है। नुब्रा नदी, सियाचिन ग्लेशियर से निकलती है। **अतः कथन 3 सही है।**